www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 06 ||अम्बेडकरनगर
शनिवार
28 मार्च 2026 ||पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 06:03
सूर्यास्तः 06:21
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 21°00



पेज 07

विशेष समाचार | विकास की अंधी दौड़ में... >> पेज 04 | डॉक्टर ने रिवॉल्वर से गोली ... >> पेज 06 | धुरंधर 2 बनी 8वीं सबसे ...

### एस-400 मिसाइल सिस्टम समेत कई घातक हथियारों की खरीद को मंजूरी

# पाक-चीन को टेंशन



**फैसला**

## सरकार ने 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्ताव मंजूर किए एयरफोर्स को एस-400 मिसाइल डिफेंस और आर्मी को धनुष गन सिस्टम मिलेंग

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में आर्मी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के लिए कई अहम सिस्टम और प्लेटफॉर्म शामिल हैं। सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी मिली। वित्त वर्ष 2025-26 में DAC अब तक 55 प्रस्ताव मंजूर कर चुका है, जिनकी कुल लागत 6.73 लाख करोड़ रुपए है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए होवरक्राफ्ट की मंजूरी

इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए हेवी ड्यूटी एयर कुशन व्हीकल्स (होवर-क्राफ्ट) को मंजूरी मिली। इनका उपयोग तटीय गश्त, सर्च एंड रेस्क्यू और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में होगा। होवरक्राफ्ट ऐसा वाहन है जो जमीन, पानी, कीचड़ और बर्फ हर सतह पर चल सकता है। यह नीचे हवा का दबाव (एयर कुशन) बनाकर सतह से थोड़ा ऊपर उठता है, इसलिए घर्षण कम होता है। इसमें लगे शक्तिशाली फैन नीचे हवा भरकर कुशन बनाते हैं, जिससे वाहन सतह से ऊपर उठता है। इसके बाद प्रोपेलर या इंजन इसे आगे बढ़ाते हैं।

### भारतीय तटरक्षक बल के लिए भी मंजूरी

भारतीय तटरक्षक बल के लिए, भारी-भरकम एयर कुशन वाहनों के लिए खरीद की मंजूरी दी गई है। इन वाहनों का उपयोग समुद्री तटों पर कई तरह के ऑपरेशनल कामों के लिए किया जाएगा, जिसमें तेज गति से तटीय गश्त, टोह लेना, खोज और बचाव अभियान, जहाजों को सहायता पहुंचाना, और कर्मियों व साजो-सामान (लॉजिस्टिक्स) को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना शामिल है। वित्त वर्ष 2025-26 में, DAC द्वारा 55 प्रस्तावों के लिए AoN (खरीद की मंजूरी) दी गई है, जिनकी कुल कीमत 6.73 लाख करोड़ रुपये है। इसके अलावा, मौजूदा वित्त वर्ष में 503 प्रस्तावों के लिए पूंजीगत खरीद अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपये है।

### एस-400 सिस्टम की खासियत

- S-400 की सबसे बड़ी खासियत इसका मोबाइल होना है। यानी रोड के जरिए इसे कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है।
- इसमें 92N6E इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टीपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है। ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही ये ऑपरेशन के लिए रेडी हो जाता है।
- S-400 की एक यूनिट से एक साथ 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। एक टारगेट के लिए 2 मिसाइल लॉन्च की जा सकती हैं।
- S-400 में 400 इस सिस्टम की रेंज को दर्शाता है। भारत को जो सिस्टम मिल रहा है, उसकी रेंज 400 किलोमीटर है। यानी ये 400 किलोमीटर दूर से ही अपने टारगेट को डिटेक्ट कर काउंटर अटैक कर सकता है। साथ ही यह 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी अपने टारगेट पर अटैक कर सकता है।



### होवरक्राफ्ट की खासियतें

- ऑल-टेरेन क्षमताः पानी, जमीन, दलदल, बर्फ हर जगह चल सकता है
- तेज और स्मूथ मूवमेंट : कम घर्षण के कारण तेज गति
- एम्फीबियस : बिना रुके पानी से जमीन पर जा सकता है
- कम इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरतः सड़क या रनवे की जरूरत नहीं
- आपदा राहत में उपयोगी : बाढ़ या कठिन इलाकों में राहत कार्य आसान

### हवाई हमलों का मुकाबला करेगा एस-400

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि S-400 सिस्टम दुश्मन के उन लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगा जो महत्वपूर्ण इलाकों को निशाना बनाते हैं, जबकि रिमोट से चलने वाले स्ट्राइक विमान आक्रामक जवाबी और समन्वित हवाई ऑपरेशन करने में सक्षम होंगे। साथ ही ये गुप्त रूप से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और पहचान करने वाली गतिविधियां भी करेंगे। Su-30 एयरो इंजन और उसके पुर्जों की मरम्मत और नवीनीकरण से विमान की सेवा अवधि बढ़ जाएगी और वायु सेना की ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)




**अभी 450किलोमीटर तक निशाना साधने वाली मिसाइल मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ था मिसाइल फोर्स और ड्रोन पर बढ़ रहा फोकस**

## सेना 800 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

नई दिल्ली । भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। >> (शेष पेज 06 पर)

### एयरफोर्स को ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट मिलेंगे

भारतीय वायुसेना के लिए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, S-400 मिसाइल सिस्टम, रिमोटली पायलटेड स्ट्राइक एयरक्राफ्ट और Su-30 इंजन ओवरहाल को मंजूरी मिली। इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए हेवी ड्यूटी एयर कुशन व्हीकल्स (होवरक्राफ्ट) को मंजूरी मिली। इनका उपयोग तटीय गश्त, सर्च एंड रेस्क्यू और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में होगा। होवरक्राफ्ट ऐसा वाहन है जो जमीन, पानी, कीचड़ और बर्फ हर सतह पर चल सकता है। यह नीचे हवा का दबाव (एयर कुशन) बनाकर सतह से थोड़ा ऊपर उठता है, इसलिए घर्षण कम होता है। इसमें लगे शक्तिशाली फैन नीचे हवा भरकर कुशन बनाते हैं, जिससे वाहन सतह से ऊपर उठता है। इसके बाद प्रोपेलर या इंजन इसे आगे बढ़ाते हैं।

## ईरान ने मिसाइलों पर 'थैंक्यू इंडिया' लिखा

### इजराइल पर दागीं इन पर पाकिस्तान का भी नाम

**जंग**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । ईरान ने इजराइल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं।

इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया।



**ईरान में 92 हजार से ज्यादा नागरिक इमारतों को नुकसान**

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए।

>> (शेष पेज 06 पर)

## श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 6 की मौत

### 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट बर्फ में दबे

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 6 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है। 28 मार्च- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है।



**ट्रक भी बर्फ में फंस गया। उसमें मौजूद लोगों को रेस्क्यू किया गया।**

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस विधायकों में हाथापाई

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की।

**कटौती | निर्णय**

### पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटी

नई दिल्ली । सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती कर दी है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए, जबकि डीजल पर 10 से शून्य कर दी गई है। एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है। यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट बोला-शादीशुदा पुरुष का लिव-इन में रहना अपराध नहीं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शादीशुदा पुरुष का किसी बालिग महिला के साथ सहमति से लिव-इन में रहना अपराध नहीं है। जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की बेंच ने कहा कि नैतिकता और कानून दोनों अलग-अलग हैं। फैसले नैतिकता से नहीं, कानून से होते हैं।

## रामलला का सूर्य तिलक

### 9 मिनट ललाट पर पड़ीं किरणें, पंचामृत से अभिषेक

**पूजन**

तमसा संकेत, एजेंसी



अयोध्या । अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक हुआ। 9 मिनट तक भगवान के ललाट पर नीली किरणें पड़ीं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह दूसरा सूर्य तिलक है। पीएम मोदी ने टीवी पर इसे लाइव देखा।

सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। इस दौरान 14 पुजारी गर्भगृह में मौजूद रहे। उन्होंने विशेष पूजा और आरती की। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रामलला को 56 तरह के व्यंजन का भोग लगाया गया। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम (स्ट्रक्चर) बनाया गया है। 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### योगी ने रामनवमी पर कन्याओं के पांव पखारे



गोरखपुर । यूपी में रामनवमी मनाई जा रही है। सीएम योगी ने शुक्रवार सुबह 11 बजे गोरखपुर में कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में उन्होंने कन्याओं के पांव पखारे और विधि-विधान से पूजन किया। बच्चियों को चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। फिर खुद ही सभी को भोजन परोसा। गोरखपुर में सीएम को 5 साल की बच्ची ने बुलडोजर टॉय गिफ्ट किया। योगी ने बच्ची के साथ बुलडोजर पकड़कर फोटो खिंचवाई।

>> (शेष पेज 06 पर)

### अफवाहों पर सरकार ने लगाया विराम, एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा

# 'नहीं लगेगा लॉकडाउन'

**पीएम मोदी की ईरान जंग पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, कहा- टीम इंडिया की तरह काम करना होगा**

**समीक्षा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया के हालात को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें और अपनी तैयारियां मजबूत रखें।

PM ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में राज्यों से उनकी तैयारियों और योजनाओं की जानकारी ली। यह पहली बार है जब इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की है।

बैठक में चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे।



PM मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग में पश्चिम एशिया संकट को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

इससे पहले सरकार ने कहा कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया।

लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के 4 दिन पहले संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुईं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### पेट्रोलियम मंत्रालय बोला- एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा

पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को कहा- लॉकडाउन से जुड़ी अफवाहें पूरी तरह गलत हैं। हमारे पास पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार है। करीब दो महीने के लिए ईंधन उपलब्ध है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, देश की सभी रिफाइनरी 100 फीसदी कैपेसिटी से काम कर रही हैं। देश में घरेलू LPG प्रोडक्शन 40% बढ़ा है। पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)


### चिंता : इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मनमानी पर सवाल, फीस और किताबों ने बढ़ाई परेशानी

# महंगी शिक्षा का दबाव

- नियंत्रण को लेकर शिक्षा विभाग पर नजर
- जिला प्रशासन से सख्ती की उम्मीद

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर जिले में प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूलों को लेकर अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फीस, किताब और कॉपी की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।अभिभावकों का कहना है कि हर सत्र में फीस में बढ़ोतरी हो रही है। इसके साथ ही एडमिशन, ड्रेस और अन्य मदों में भी अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है। इससे मध्यम वर्ग और सीमित आय वाले परिवारों पर सीधा असर पड़ रहा है।



अभिभावकों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्हें उम्मीद है कि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाएंगी।लोगों का कहना है कि फीस निर्धारण, किताबों की स्वतंत्र खरीद और शिक्षा की गुणवत्ता पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जरूरी हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### फीस के अनुपात में शिक्षा पर उठे सवाल

अभिभावकों का आरोप है कि बढ़ती फीस के बावजूद पढ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं है। कुछ स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था और संसाधनों को लेकर भी सवाल सामने आ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण बताई जा रही है। यहां अभिभावक आर्थिक दबाव के बावजूद बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने को मजबूर हैं, लेकिन अपेक्षित गुणवत्ता नहीं मिल रही।

### तय दुकानों से खरीद का दबाव, बढ़े दाम का आरोप

कई अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से कॉपी और किताबें तय दुकानों से खरीदने को कहा जाता है। खुले बाजार में उपलब्ध विकल्पों के बावजूद अधिक कीमत पर सामग्री लेने की मजबूरी बनती है।इस व्यवस्था को लेकर अभिभावकों में असंतोष है। उनका कहना है कि इससे अनावश्यक खर्च बढ़ता है और पारदर्शिता की कमी नजर आती है।

> मामले को लेकर शिक्षा विभाग की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि शिकायतें सामने आने के बाद भी कोई स्पष्ट कार्रवा-ई नहीं दिख रही है।इस कारण स्कूलों की कार्यप्रणाली पर नियंत्रण की मांग तेज हो रही है।



**अभिभावक बोले- खर्च बढ़ा, राहत नहीं**

## भाजपा लोकतंत्र नहीं, एकतंत्र में विश्वास करती है : अखिलेश

### बोले-2027 में यूपी में सपा की सरकार बनेगी

**तंज**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती, बल्कि एकतंत्र की नीति पर चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और देश की आर्थिक व विदेश नीति को नुकसान पहुंचाया है।

शुक्रवार को एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान नहीं बल्कि ₹मनविधान₹ के आधार पर काम कर रही है और उसका एजेंडा पूरी तरह सांप्रदायिक है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट, निवेश और एफडीआई में कमी, साथ ही पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आम जनता को परेशान कर दिया है।



**आर्थिक नीतियों, कानून-व्यवस्था और चुनाव आयोग पर उठाए सवाल**

>> (शेष पेज 06 पर)

# 38 में अलर्ट, हरदोई में बिजली गिरने से किसान की मौत, 5 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

# 10 जिलों में बारिश

**सतर्क**



**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ कानपुर/ वाराणसी/ अयोध्या । यूपी में मौसम बदल गया है। शुक्रवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, सीतापुर समेत 10 जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। हरदोई में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। आगरा और मेरठ समेत 10 जिलों में बादल छाए हैं। 30 किमी की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

आज 38 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से मौसम बदला है। अगले 5 दिनों तक मौसम बिगड़ा ही रहेगा। कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं। आंधी भी चलेगी।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश के औसत तापमान में 5C तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बांदा सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 40.2C रहा। सबसे कम तापमान मुजफ्फरनगर में 15.4C रिकॉर्ड किया गया।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया पाकिस्तान से आ रहीं हवाओं ने यूपी में प्रवेश किया। इससेबूंदा-बांदी की शुरुआत हुई। 29 मार्च को दूसरा विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। 40-50 की रफ्तार से हवा चलेगी। 3C तक पारा गिरेगा। नोएडा में रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिन मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान जताया है।

हरदोई जिले के हैबतपुर गांव में आसमानी बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। 45 साल के मुरारी पुत्र जवाहर लाल अपने परिवार के साथ खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के समय मुरारी की पत्नी और बच्चे नितिन (17), दीपक (15) और मोहिनी (16) पास ही खेत में काम कर रहे थे। प्रयागराज में मौसम अचानक बदल गया है। सुबह से काले बादल छाए हुए थे। अचानक गरज के साथ हल्की बारिश हुई। तेज हवाएं चल रही हैं।

## यूपी में 5 दिन बिगड़ा रहेगा मौसम, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में दो उत्तरोत्तर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश होने की संभावना है। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर बारिश का एक दौर लखनऊ समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंचेगा। इसके बाद 28 मार्च को मौसम साफ और शुष्क रहेगा। 29 मार्च से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से 29 से 31 मार्च तक पूरे प्रदेश में फिर से बारिश का दौर चलने की संभावना है। इन दोनों मौसम तंत्रों के कारण प्रदेश में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस का उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

## आंधी से गेहूं, अरहर की फसल को नुकसान, कैसे करें बचाव

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश और तेज हवा का असर रबी, जायद और बागवानी फसलों पर पड़ेगा। इस समय अरहर, सरसों, चना, मटर, मूंग और मूंगफली में फलियां बन रही हैं। दाने भर रहे हैं। तेज हवा चलने से फलियां फट सकती हैं और दाने झड़ सकते हैं।

## अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम?

- 28 मार्च - पश्चिमी और पूर्वी यूपी के ज्यादातर इलाकों में मौसम साफ रहेगा। कुछ इलाकों में बौछारें पड़ सकती हैं।
- 29 मार्च - पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। कुछ जगहों पर बिजली गिरने की भी आशंका है।
- 30 मार्च - पूरे प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। कुछ जगहों पर तेज बारिश भी हो सकती है। आंधी भी चल सकती है।
- 31 मार्च - पश्चिमी यूपी में बौछारें पड़ेंगी। पूर्वी यूपी में अच्छी बारिश हो सकती है। 30-40 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी।
- 1 अप्रैल- पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा। पूर्वी यूपी में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।



**फास्ट न्यूज**

### मल्टीलेवल पार्किंग पर 10 लाख का जुर्माना

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास संचालित पार्किंग पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया है। यहां 21 मार्च को मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने छापा मारा था। गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर यह एक्शन लिया गया। यहां कार बाजार मिलने पर संस्था से सब-लीज करने का भी नोटिस जारी है।

### टॉयलेट में मरीज से दुष्कर्म का प्रयास

लखनऊ । लखनऊ के महानगर स्थित विवेकानंद अस्पताल में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया। यहां न्यूरो वार्ड में भर्ती महिला मरीज से टॉयलेट के अंदर घुसकर वार्ड बॉय ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने मरीज के साथ मारपीट भी की। शोर मचाने पर वह मौके से भाग निकला, लेकिन बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के भाई के मुताबिक, उनका परिवार सीतापुर का रहने वाला है और 19 मार्च से उनकी बहन अस्पताल में भर्ती है। बुधवार शाम वह वार्ड के पास बने शौचालय में गई थीं।

### खेत से भूसा ले जाने पर मारपीट

लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में खेत से भूसा ले जाने से रोकने पर दबंगों ने किसान और उसके बेटे की पिटाई कर दी। मारपीट में किसान के बेटे का हाथ टूट गया। पीड़ित किसान ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि मामले में एक्शन लिया जाएगा। घटना 26 मार्च को मवई पड़ियाना निवासी लक्ष्मण के खेत में हुई। लक्ष्मण के अनुसार, उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग उनके खेत से भूसा ले जा रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती करते, मिलने के बहाने लूट

## डेटिंग ऐप गैंग एक्टिव, 2 नए मुकदमे दर्ज

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ में सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप से दोस्ती कर लूट करने वाले कई गैंग एक्टिव हैं। 16 मार्च को अलीगंज पुलिस एक गैंग के सात सदस्य जेल भेज चुकी है। इसके पहले हजरतगंज पुलिस ने पांच आरोपियों को जेल भेजा था। इसके बावजूद लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

अब इंदिरानगर थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। ये वो पीड़ित हैं, जिन्हें पुलिस ने घटना का शिकार होने के बाद भगा दिया था। इंदिरानगर थानाक्षेत्र के दो अन्य मामले भी सामने आए हैं। जिसमें पीड़ितों के साथ कुकरैल जंगल में लूटपाट हुई थी।

कल्याणपुर गुडंबा निवासी सचिन चौहान प्राइवेट कॉलेज का छात्र है। उसने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी मुलाकात आदर्श सिंह से हुई। 12 जुलाई 2025 को आदर्श ने मिलने के लिए बुलाया।

सचिन मिलने के लिए कुकरैल पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद चार अन्य लड़के आ गए और जबरन पकड़ लिया। उन लड़कों ने सचिन को कुकरैल जंगल के सुनसान क्षेत्र में पूरी रात बंधक बनाकर रखा। बेरहमी से मारपीट करते रहे। उनके पास चाकू और लोहे की रॉड थी। जिससे वो डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

मारपीट कर जबरन पैसे ट्रांसफर कराए। मोबाइल छीनकर डेटा व कन्टैक्ट लिस्ट कॉपी कर ली।

## सैकड़ों लोगों ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन, संगठन विस्तार को मिला नया बल

# आरएलडी का शक्ति प्रदर्शन

- प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल की अगुवाई में सदस्यता अभियान तेज, रायबरेली से प्रधान और अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग जुड़े





**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्रीय लोक दल (RLD) के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को एक भव्य सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश प्रोफेशनल मंच के तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अंबुज पटेल ने

### अंबुज पटेल बोले- हर वर्ग का बढ़ रहा भरोसा

प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं, बुद्धिजीवियों और विभिन्न वर्गों का पार्टी से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता का विश्वास लगातार RLD की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी।

सक्रिय भूमिका निभाते हुए सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया। उनके प्रयासों से राष्ट्रीय लोकदल का जनाधार तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। इस सदस्यता अभियान को पार्टी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि इस मौके पर प्रोफेशनल मंच के उपाध्यक्ष अधिवक्ता सोहेल सिद्दीकी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश वर्मा, सुमित सिंह (अध्यक्ष, अवध क्षेत्र), प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रायबरेली से भी मजबूत जुड़ाव

सदस्यता कार्यक्रम में रायबरेली जनपद से भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। अरौरा बुजुर्ग, हरचंदपुर के प्रधान गया प्रसाद लोधी तथा दीवानी रायबरेली बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तुषार भारती ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इससे पार्टी को ग्रामीण और पेशेवर वर्ग में भी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता

इस अवसर पर नीरज साहू, प्रदीप गौतम, रोहित, शिवम, शुभांशु, मनीष मोदनवाल, सौरभ भारती, कृष्णा भारती, ऋतिक, कुलदीप गौतम, भारत लाल, मनोज भारती, रोहिता शुक्ला, गंगाराम वर्मा, दिनेश कुमार, अनीश कुमार, राम सुमेर, ऋषिकेश, अरुण भारती, उत्कर्ष आर्य समेत सैकड़ों लोगों ने पार्टी का दामन थामा। नवसदस्यों ने इस दौरान पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर संगठन को मजबूत करने तथा नेतृत्व को सशक्त बनाने का संकल्प भी लिया।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल

# महिला क्रिकेट प्रतिभाओं को दिया गया प्रोत्साहन




- खेलों से सशक्त होती हैं बेटियाँ, उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का समापन



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज गोमतीनगर, लखनऊ स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचकर प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जी ने टूर्नामेंट का अवलोकन करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि आज बेटियाँ खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप मुख्यमंत्री जी ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उन्होंने टूनामेन्ट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मा. विधायक श्रीमती आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### खेलों के महत्व पर प्रकाश

उप मुख्यमंत्री  ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### लखनऊ में 30 हजार का इनामी गिरफ्तार

लखनऊ । लखनऊ में 30 हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने उसे पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-9 से पकड़ा। वह गुजरात के सूरत में की डकैती में 16 साल से फरार चल रहा था। गुजरात पुलिस ने उसकी लोकेशन लखनऊ मिलने पर लखनऊ एसटीएफ से संपर्क किया और मदद मांगी। इसके बाद सूरत क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक शैलेश राधे बिहारी दूबे अपनी टीम के साथ लखनऊ पहुंचे। यहां उसकी आरोपी की रेकी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी जौनपुर के बदलापुर का शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह है। टीम ने उसे गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सूरत (गुजरात) के अदाजन थाने में डकैती का मामला दर्ज है। लंबे समय से फरार रहने पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया था। उसने पूछताछ में बताया है कि 2009 में नौकरी की तलाश में गुजरात गया था।

# 'यूपी में पेट्रोल-एलपीजी की किल्लत नहीं'

## संजय भंडारी बोले-पैनिक बाइंग से डिमांड बढ़ी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । यूपी में पेट्रोल-डीजल और LPG की कमी नहीं है। 25-26 मार्च के बीच पैनिक बाइंग से अचानक डिमांड बढ़ी, लेकिन सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। हर जगह डिलीवरी की जा रही है। यह दावा है पेट्रोलियम कंपनी के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी का। उन्होंने शुक्रवार को पीसी कर मौजूदा संकट को लेकर स्थिति साफ की। भंडारी ने बताया- सिर्फ दो दिनों में पैनिक का माहौल बना, लेकिन इसके बावजूद कहीं भी सप्लाई बाधित नहीं हुई। 26 मार्च को खासतौर पर लखनऊ समेत कई जिलों में डिमांड बढ़ी, जिसके मुताबिक टैंकर भेजकर सभी जरूरतों को पूरा किया गया। राज्य में 7 दिन का बैकअप स्टॉक रहता है। पर्याप्त रिजर्व मौजूद है। 26 मार्च 2025 के मुकाबले 26 मार्च 2026 को पेट्रोल की सप्लाई लगभग दोगुनी हो गई। पिछले साल 15 हजार किलोलीटर पेट्रोल की सप्लाई थी, जो इस बार बढ़कर 29 हजार किलोलीटर यानी करीब 2 करोड़ 90 लाख लीटर पहुंच गई। डीजल में भी यही ट्रेंड दिखा। 2025 में 28 हजार किलोलीटर डीजल की सप्लाई थी, जो 2026 में बढ़कर 51 हजार किलोलीटर यानी करीब 5 करोड़ 1 लाख लीटर हो गई। LPG की डिमांड भी अचानक बढ़ी है। 26 मार्च को करीब 11.90 लाख सिलेंडर बुक हुए, जिनमें से 7.83 लाख की डिलीवरी कर दी गई।

**हाहाकार : डीलर बोले- शाम तक रिफिलिंग होगी, अधिकारियों का दावा- स्टॉक बहुत है**

# मलिहाबाद में 2 पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ । लखनऊ में पेट्रोल और डीजल के लिए पेट्रोल पंपों पर आज लगातार दूसरे दिन लंबी लाइनें लगी हैं। ग्राहकों की एकबारगी बढ़ी मांग से पेट्रोल पंप बार-बार खाली हो रहे हैं। इस बीच इंडियन ऑयल की तरफ से पीसी कर बताया गया कि एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। कतारों में लगने की जरूरत नहीं है। हमारे पास स्टॉक हमेशा की तरह है। ज्यादातर पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग अफवाह में आकर बेवजह भीड़ लगा रहे हैं। कुछ पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही 1-1 किमी लंबी कतार में गाड़ियां खड़ी हो गईं। कई पेट्रोल पंप पर पुलिस की मौजूदगी में पेट्रोल दिया जा रहा है। मलिहाबाद में 2 पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। डीलर ने बताया- शाम तक ईंधन की रिफिलिंग होगी। डीएम आवास, बीकेटी के बांकेनगर का पेट्रोल पंप खाली हो चुका है। मुंशी पुलिया में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर सुबह 9 बजे पेट्रोल खत्म हुआ था। दोपहर 2 बजे यहां दोबारा पेट्रोल मिलना शुरू हो गया। बंथरा के अनारी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप, सरोजनीनगर में अमौसी के बेहटवा स्थित बुद्धा फ्यूल पंप पर और बगल में ही भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का पेट्रोल खत्म हो गया।

> गल्ला मंडी स्थित पेट्रोल पंप पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लगी थीं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। भीड़ के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ।

### किसान बोले- दूध के केन में डीजल दे रहे, हमको नहीं

मोहनलालगंज क्षेत्र के कनकहा स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल न मिलने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप पर सुबह कई लोगों को दूध के केन में भरकर डीजल-पेट्रोल दिया गया, लेकिन किसानों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जा रहा है।



### इंडियन ऑयल के अधिकारी बोले- बेवजह कतारों में न लगें

इंडियन ऑयल की तरफ से प्रेसवार्ता कर बताया गया कि एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। कतारों में लगने की जरूरत नहीं है। हमारे पास स्टॉक हमेशा की तरह है। पेट्रोलियम के उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी ने बताया कि सिर्फ दो दिनों में पैनिक हुआ है। उस दौरान भी हमने सभी जगह डिलीवरी की है। कहीं कोई भी कमी है। एलपीजी और पेट्रोल-डीजल हमारे पास हमेशा की तरह उपलब्ध है।

# सऊदी प्रिंस सलमान की जलाई गई तस्वीर

**भीड़ ने अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब के खिलाफ नारे भी लगाए। इस दौरान जन्नतुल बकी कब्रों के पुनर्निर्माण की मांग भी उठाई।**

## मौलाना बोले- ईरान ने तेल दिया, भारत अमेरिका का पिट्ठू बन गया

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आसिफी मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सऊदी हुकूमत के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की तस्वीर जलाकर विरोध जताया।

बवाल की आशंका को देखते हुए बड़े इमामबाड़ा के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई।

सऊदी अरब के शहर मदीना में स्थित जन्नतुल बकी का कब्रिस्तान है। वहां पर पैगंबर-ए- इस्लाम की बेटी हजरत फातिमा जेहरा की कब्र को सऊदी शासन ने ध्वस्त कर दिया था। इसी को लेकर प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं मजारों के दोबारा बनाने की मांग की। इसके लिए शिया मुसलमान सऊदी हुकूमत के खिलाफ हर साल आज के दिन दिन प्रदर्शन करते हैं।

शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने प्रदर्शन कर रहे शिया मुसलमानों से कहा- जन्नतुल बकी शिया अकीदे के लिहाज से सबसे अहम कब्रिस्तान है। इस दौरान लोगों ने सऊदी हुकूमत मुर्दाबाद के नारे लगाए। मौलाना कल्बे जव्वाद ने सऊदी शासन की कड़े शब्दों में निंदा की।

### 'सऊदी अरब ने हमेशा इजराइल जैसे देशों का साथ दिया'

मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा- सऊदी अरब ने हमेशा अमेरिका और इजरायल जैसे देशों का साथ दिया है, जिन्हें वह इस्लाम का दुश्मन बताते हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के शेखों की माताएं यहूदी और क्रिश्चियन धर्म से थीं, इसलिए वह उन्हें मुसलमान नहीं मानते। उनका आरोप है कि सऊदी अरब ने कभी भी मुसलमानों या मुस्लिम देशों का साथ नहीं दिया।

## ग्रामीण और शहरी इलाकों में तेल की भारी किल्लत, डीजल की मांग पेट्रोल से भी अधिक

# डीजल-पेट्रोल संकट पंपों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें

**हड़कंप**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में डीजल और पेट्रोल की खपत में अचानक तेज वृद्धि ने तेल संकट खड़ा कर दिया है। पिछले दो दिनों में तेल की मांग लगभग पांच गुना बढ़ गई है। खासकर डीजल की खपत पेट्रोल से अधिक रही। कृषि वाहन, व्यवसायिक वाहन और भारी वाहन संचालक तेल का जमाव और भंडारण करने लगे हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग टांडा-बांदा मार्ग, रघुनाथपुर, धनेपुर, नसीरपुर और टांडा के आसपास पेट्रोल पंपों पर लोग सुबह से ही तेल के लिए



इंतजार कर रहे थे। मालीपुर में दो पेट्रोल पंप खुला था, जबकि अन्य पंपों पर तेल समाप्त हो चुका था।

रामनगर, बसखारी और जहांगीर-गंज में गुरुवार देर शाम से ही डीजल-पेट्रोल के लिए भीड़ बढ़ी। कुछ पंपों पर मारामारी जैसी स्थिति भी बन गई। कई पंपों ने दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये और चारपहिया वाहनों के लिए 500 रुपये की लिमिट तय की। इसके बावजूद भी कतारों में लोग खड़े रहे।

> अधिकारियों के अनुसार, यह अचानक मांग पेट्रोल और डीजल दोनों के स्टॉक को प्रभावित कर रही है। इससे शहर और ग्रामीण इलाकों के पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गई हैं।

### पंपों पर नो-फ्यूल की सूचना, हड़कंप मचा

शुक्रवार को दर्जनों पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने की सूचना चस्पा कर दी गई। टांडा, जलालपुर, आलापुर, महरुआ, मालीपुर और बेलापरसा के पंपों पर उपभोक्ताओं ने सुबह से ही इंतजार करना शुरू कर दिया। दोपहर तक कई पंपों पर तेल पूरी तरह से खत्म हो गया। पूर्ति विभाग का दावा है कि अगले दो-तीन दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। बावजूद इसके, ग्रामीण और शहर के लोग तेल पाने के लिए संघर्ष करते नजर आए।

### पुलिस और राजस्व विभाग ने संभाली मोर्चा

भीड़ बढ़ने और अफरात-फरी को देखते हुए पुलिसकर्मी और राजस्व अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और तेल वितरण में मदद की। इस दौरान कई लोग टंकी और बड़े डिब्बे लेकर पहुंचे, ताकि वे पेट्रोल और डीजल इकट्ठा कर सकें। कुछ उपभोक्ता इसे भविष्य में महंगे दामों पर बेचने की सोच के साथ ले जा रहे थे।

# पांच वर्षीय मरियम की अखिलेश से मुलाकात चर्चा में आई मासूम बात

## लखनऊ में परिवार संग पहुंची, 2027 को लेकर जताई इच्छा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अछती गांव की मूल निवासी पांच वर्षीय मरियम हाशमी ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष Akhilesh Yadav से मुलाकात की। गुरुवार को हुई इस मुलाकात की चर्चा क्षेत्र में तेज हो गई है।

मरियम अपने दादा हाजी अब्दुल्ला, नानी रूकैया बानो, मां तरन्नुम हाशमी और पिता मोहम्मद अशफाक के साथ पहुंची थी। कम उम्र में उसकी साफ सोच और बातचीत ने वहां मौजूद लोगों का ध्यान खींचा।

मुलाकात के दौरान मरियम ने कहा कि वह दुआ करती है कि वर्ष 2027 में अखिलेश यादव फिर से प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। उसने यह भी कहा कि त्योहारों पर मुलाकात हो



या न हो, लेकिन उनकी सरकार बननी चाहिए।

मरियम ने एक शेर भी सुनाया, जिससे माहौल चर्चा में आ गया। उसके इस अंदाज को वहां मौजूद लोगों ने सराहा। मरियम की बातों से प्रभावित होकर अखिलेश यादव ने उसे स्नेह दिया और उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त, टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मरियम के आत्मविश्वास और सोच की सराहना की।

**फास्ट न्यूज**

### मदरसा 'दारुल उलूम आरफिया' में कानूनी जीत

बाराबंकी । बाराबंकी जनपद के जैदपुर स्थित मदरसा 'दारुल उलूम आरफिया' के प्रबंधकीय विवाद में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रबंधक के पंजीकरण आदेश को रद्द कर दिया है। इस फैसले के बाद रियाज अहमद अब मदरसे के प्रबंधक पद पर नहीं रहेंगे।

### राम जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण

अम्बेडकर नगर । जलालपुर स्थित रामलीला मैदान में राम जन्मोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामलीला सेवा समिति की ओर से किया गया। अध्यक्षता संजीव मिश्र ने की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे मैदान में भक्ति का माहौल रहा। पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालु भजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल रहे।

मुख्य यजमान के रूप में राधेश्याम शुक्ल और विकास निषाद ने सहभागिता की।

### इकलौते बेटे के सामने मां की हत्या

संभल । संभल में 8 साल के इकलौते बेटे के सामने पिता ने पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। बेटे ने बताया- पापा मां के चेहरे पर पानी डालकर देखते रहे कि वह जिंदा हैं या मर गईं। उसने खुद पत्नी के मायके वालों को उसकी मौत की सूचना भी दी। भांजी की मौत की सूचना पर पहुंचे मामा को कुछ शक हुआ। उन्होंने फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले आरोपी पति और उसके घर वाले फरार हो गए।

# रामनवमी मेला को लेकर पुलिस अलर्ट आलापुर क्षेत्र में एसपी का निरीक्षण

## महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए निर्देश

**निरीक्षण**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकर नगर में चैत्र रामनवमी मेला और नवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने आलापुर थाना क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले और त्योहार से जुड़े प्रमुख स्थानों का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि रामनवमी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखना जरूरी है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और ड्यूटी



- रामनवमी मेला को लेकर पुलिस अलर्ट, आलापुर क्षेत्र में एसपी का निरीक्षण

के दौरान लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

# टांडा में राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा नगर में कई स्थानों पर हुआ स्वागत

## बाल स्वरूप की झांकी आकर्षण का केंद्र, विभिन्न मार्गों से होकर निकली यात्रा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। टांडा में विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल नवमी के अवसर पर नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के तत्वावधान में राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत राम रंगमंच चौक से हुई। इसमें प्रभु राम के बाल स्वरूप की झांकी प्रमुख आकर्षण रही। बाल स्वरूप में उदय प्रताप सिंह शोभायमान थे।

शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा का नेतृत्व समिति के पदाधिकारियों ने किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

शोभायात्रा जब गुरुद्वारा सिंह सभा के सामने पहुंची तो ग्रंथी अमरजीत सिंह और सहयोगियों ने प्रसाद व शीतल जल से स्वागत किया। इसके



बाद छज्जापुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर पर पुष्प वर्षा और आरती की गई।

फतु पट्टी के नवदुर्गा मंदिर और मीरापुर क्षेत्र में भी स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। नागेश्वर नाथ मंदिर चौक पर भी पूजा-अर्चना हुई।मीरानपुरा समेत अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और जल सेवा की। यात्रा सब्जी मंडी, कपड़ा मंडी, पिपलेश्वर महादेव मंदिर और मठिया माता मंदिर होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा का समापन चौक स्थित पुलिस बूथ के पास हुआ। यहां सुसज्जित हवन कुंड में हवन किया गया। इसके बाद महाआरती आयोजित हुई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला, इलाके में सनसनी

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**पूछताछ**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर के मीरानपुर में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पाकर अकबरपुर कोतवाली की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

स्थानीय लोग बताते हैं कि शव सुबह सड़क किनारे पड़ा मिला। शुरुआती जांच में किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान या



संघर्ष के संकेतों पर पुलिस ध्यान दे रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने कहा कि जल्द ही मृतक की पहचान कर उसकी परिवार वालों को सूचना दी जाएगी और मामले की गहन जांच की जाएगी।

## रात 11 बजे के आसपास लगी आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

# गौशाला में भीषण आग

**घटना**

- तीन मवेशियों की मौत
- प्रशासन ने किया नुकसान का आकलन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले के जलालपुर तहसील स्थित दाउदपुर ग्राम पंचायत में बृहस्पतिवार रात एक गौशाला में अचानक आग लग गई। इस हादसे में तीन मवेशियों की जलकर मौत हो गई। घटना से पशुपालक गंगाराम को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेखपाल ने नुकसान का सर्वे शुरू किया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि घटना की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसे संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



### गांव में बना चिंता का माहौल

ग्राम प्रधान राकेश ने प्रशासन से जल्द सहायता दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के घरों को भी खतरा हो सकता था।

घटना के बाद गांव में चिंता का माहौल है। प्रशासन आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

### ग्रामीणों ने बाल्टी से बुझाई आग, तब तक हो चुका था नुकसान

ग्रामीणों ने बाल्टी और अन्य साधनों से आग बुझाने की कोशिश की। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक गौशाला में बंधे तीनों मवेशियों की मौत हो चुकी थी। आग की वजह से गौशाला में रखा चारा, लकड़ी और अन्य सामान भी जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

> जानकारी के अनुसार, गंगाराम पुत्र बृजमोहन के घर के पास बनी गौशाला में रात करीब 11 बजे आग लगी। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# मौसम का बदलाव, गेहूं-सरसों की फसल को नुकसान का खतरा

## बादलों और हल्की बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ाई, फसल कटाई में तेजी जरूरी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह धूप खिली रही, लेकिन दोपहर में तेज हवाओं के साथ आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम में यह अप्रत्याशित बदलाव तापमान में गिरावट लेकर आया, जिससे आम लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन किसानों के लिए यह चिंता का कारण बन गया।

किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल खेत में पूरी तरह तैयार खड़ी है और कई जगह सरसों की फसल भी कटाई के लिए तैयार है। अचानक हुई बारिश से खेतों में खड़ी और कटी फसल दोनों को नुकसान होने का खतरा बढ़ गया है। किसान फसल कटाई और संग्रहण में तेजी



> विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा या तेज हुआ, तो गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। किसान प्रशासन और कृषि विभाग से भी फसल सुरक्षा के लिए समय रहते दिशा-निर्देश देने की उम्मीद कर रहे हैं।

लाने को मजबूर हैं।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसान पहले से ही कटाई का काम शुरू कर चुके हैं। कुछ खेतों में सरसों की फसल कट चुकी है और उसे सुरक्षित जगह पर रखा गया है। लेकिन अचानक मौसम बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है कि यदि बेमौसम बारिश तेज हुई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, सुबह से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिले थे। दोपहर में बादल घने होने के साथ ही हल्की बारिश हुई। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिन तक मौसम इसी तरह बदला-बदला रहने का अंदेशा है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसल कटाई और संग्रहण को प्राथमिकता दें।

# चैत्र नवरात्रि का समापन, रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

## मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ व्रत समापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले भर में चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर नवरात्र व्रत का समापन किया गया। देवी भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद दिया और सुख-समृद्धि की कामना की। यह परंपरा नवरात्र के समापन का प्रतीक मानी जाती है।

रामनवमी के अवसर पर जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान राम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कई मंदिरों में रामचरितमानस का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक स्थलों पर ध्वजाएं लहराई गईं और शाम को शोभायात्रा निकालने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

पूरे जिले में भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने 'लहर-लहर लहराई रे ध्वजा बजरंगबली की'



और 'कभी राम बनके, कभी श्याम बनके' जैसे भक्ति गीतों के माध्यम से जन्मोत्सव की खुशी मनाई।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेता युग में भगवान विष्णु ने असुरों के राजा रावण का संहार करने के लिए राम के रूप में अवतार लिया। चैत्र मास की नवमी तिथि को अयोध्या में राजा दशरथ की पहली पत्नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया। यही दिन रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा रही है।

मंदिरों और घरों में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना से श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति का अनुभव किया। रामनवमी पर्व हर्षोल्लास और भक्ति के साथ पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया।

**जांच : नौ लोगों पर केस दर्ज, गर्भपात कराने और मारपीट का आरोप**

# दहेज उत्पीड़न का मामला

**आरोप**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। बसखारी क्षेत्र के बेलापरसा गांव की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट, गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि गर्भवती होने पर ससुराल पक्ष ने उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। इसके बाद दोबारा गर्भ



**पुलिस ने शुरू की जांच**

ठहरने पर 18 मार्च की रात फिर से जबरन दवा खिलाने का प्रयास किया गया।

दवा लेने से मना करने पर पति समेत अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका गर्भपात हो गया और रक्तस्राव हुआ।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

> पीड़िता ने मायके पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी, ननद और एक रिश्तेदार समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### शादी के बाद बढ़ी दहेज की मांग

जानकारी के अनुसार, विवाहिता की शादी पिछले वर्ष 27 अप्रैल को महरुआ थाना क्षेत्र के पांती गांव निवासी मित्रसेन के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने नकद और घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था।

विवाहिता के अनुसार, ससुराल पक्ष तीन लाख रुपये नकद और चारपहिया वाहन की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।

# रामनवमी पर रितेश पांडेय ने किया कन्या पूजन

## परंपरागत रीति से निभाई परंपरा



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। रामनवमी और नवरात्र समापन के अवसर पर शुक्रवार को पूर्व सांसद रितेश पांडेय ने परंपरागत तरीके से कन्या पूजन किया। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और कन्याओं को भोजन कराया।

कार्यक्रम में कन्याओं को आमंत्रित कर उनका पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें भोजन कराया गया और प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

- परिवार संग पूजा-अर्चना, कन्याओं को कराया भोजन

हुआ। रितेश पांडेय ने कहा कि नवरात्र के समापन पर कन्या पूजन की परंपरा आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज में सम्मान और सेवा की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर परिवार के साथ समय बिताना और कन्याओं का सम्मान करना विशेष महत्व रखता है।

# सम्पादकीय

## आलोचना की आदत



इस पर आश्चर्य नहीं कि पश्चिम एशिया संकट पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद भी विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस को यही दिख रहा है कि अमेरिका-इजरायल एवं ईरान के बीच छिड़े युद्ध पर भारत सरकार की कूटनीति विफल है। इस युद्ध के पहले दिन से ही कांग्रेस भारत सरकार को कोस रही है। वह ऐसा दिखा रही है, जैसे इस युद्ध में भारत की कोई भूमिका है अथवा उसकी कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी है। सब जानते हैं कि भारत का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं, पर कांग्रेस नेता इसे समझने को तैयार नहीं। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि वे यह चाह रहे हैं कि पश्चिम एशिया संकट के मामले में भारत सरकार को उनके कहे के अनुसार ही चलना चाहिए, पर उनके पास इसका कोई जवाब नहीं कि इस युद्ध के कारण जो ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका समाधान कैसे किया जाना चाहिए?

इससे इन्कार नहीं कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट का असर देश पर भी पड़ रहा है और कहीं-कहीं गैस की किल्लत भी देखने को मिल रही है, लेकिन भारत के मुकाबले कई देशों की स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। कांग्रेस इसे समझने के बजाय यह माहौल बना रही है कि प्रधानमंत्री की किसी गलती से देश में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यह केवल घोर नकारात्मकता ही नहीं, किसी भी मसले और यहां तक कि विदेश नीति पर भी एकजुटता का परिचय न देने की जिद ही है।

लगता है कि कांग्रेस के शब्दकोश में रचनात्मक सहयोग जैसा कोई शब्द ही नहीं और वह यह भी भूल चुकी है कि विपक्ष का काम सकारात्मक सुझाव देना भी होता है। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि भारत सरकार ऊर्जा संकट को गहराने न देने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है और अब कहीं अधिक देशों से तेल और गैस खरीद के सौदे कर रही है। इसके बाद भी कांग्रेस को चैन नहीं। वह यह देखने से इन्कार कर रही है कि ईरान की ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग बंद कर देने के बावजूद भारत के तेल एवं गैस टैंकर वहां से निकल पा रहे हैं। यह सही है कि होर्मुज से उनकी निकासी सुगम नहीं, लेकिन क्या यह भारतीय कूटनीति की जीत नहीं कि ईरान भारत को मित्र देश कहकर उसके जहाजों को निकलने दे रहा है? कांग्रेस को यह भी बुरा लग गया कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने यह कह दिया कि भारत पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं। वास्तव में कांग्रेस को केवल विरोध के लिए विरोध करने की आदत ही नहीं लग गई है, वह सरकार की आलोचना-निंदा के लिए एक क्षण की देरी भी गवारा नहीं करती। उसके प्रवक्ता ने यह जाने-समझे बिना पाकिस्तान को फायदे में बता दिया कि वह मध्यस्थता करने के बजाय संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है।

# विकास की अंधी दौड़ में सुलगता लद्दाख

आंकड़ों की दृष्टि से देखें तो हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन की दर वैश्विक औसत से कहीं अधिक तेज है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि यदि वर्तमान दर से कार्बन उत्सर्जन जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र के एक-तिहाई ग्लेशियर पिघल सकते हैं। लद्दाख के लिए यह स्थिति किसी प्रलय से कम नहीं होगी क्योंकि यहां वार्षिक वर्षा नगण्य होती है और पूरी कृषि व्यवस्था ग्लेशियरों से निकलने वाले पानी पर ही टिकी है।





हिमालय की धवल चोटियों और लद्दाख के सर्द मरुस्थल से उठी सोनम वांगचुक की आवाज आज केवल एक क्षेत्रीय मांग नहीं बल्कि विकास के नाम पर किए जा रहे खनन से कराहती हुई धरती की पुकार है। लद्दाख, जिसे भौगोलिक रूप से 'थर्ड पोल' या दुनिया का तीसरा ध्रुव कहा जाता है, अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और नाजुक पारिस्थितिकी के कारण वैश्विक जलवायु विमर्श के केंद्र में आ गया है। इस पूरे प्रकरण की जड़ें उस संवैधानिक सुरक्षा की मांग में छिपी हैं, जो भारतीय संविधान की छठी अनुसूची में दर्ज है। इसके पीछे का असली संकट पर्यावरणीय विनाश की आहट है।

सोनम वांगचुक ने जब शून्य से नीचे के तापमान में 21 दिनों का 'सात्विक अनशन' शुरू किया तो उनका उद्देश्य केवल राजनीतिक अधिकार प्राप्त करना नहीं था बल्कि उन ग्लेशियरों को बचाना था जो उत्तर भारत की जीवनधारा कहे जाने वाले जलतंत्र के मुख्य स्रोत हैं। लद्दाख की लगभग 97 प्रतिशत आबादी जनजातीय है जिनमें बौद्ध और मुस्लिम समुदायों का अनूठा मिश्रण है। ये जनजातियां सदियों से प्रकृति के साथ एक संतुलित तालमेल बिठाकर जीती आई हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में बढ़ते शहरीकरण, अनियंत्रित पर्यटन और औद्योगिक महत्वाकांक्षाओं ने इस संतुलन को हिला दिया है।

वांगचुक द्वारा रेखांकित प्रमुख मुद्दा यह है कि यदि लद्दाख को विशेष संवैधानिक दर्जा नहीं मिलता, तो बाहरी उद्योगों और खनन माफियाओं के लिए इस शांत और संवेदनशील क्षेत्र के द्वार खुल जाएंगे जिससे यहां के ग्लेशियरों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

वांगचुक ने अपने प्रयोगों और 'आइस स्तूप' जैसे नवाचारों के माध्यम से यह दिखाया है कि कैसे स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण किया जा सकता है लेकिन वे यह भी जानते हैं कि व्यक्तिगत प्रयास तब तक निष्प्रभावी रहेंगे जब तक कि नीतिगत स्तर पर बड़े उद्योगों को इस क्षेत्र से दूर नहीं रखा जाता। लद्दाख में सौर ऊर्जा और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं लेकिन इनके अंधाधुंध विस्तार से स्थानीय संसाधनों पर भारी दबाव पड़ रहा है। एक अनुमान के अनुसार, लद्दाख में आने वाले पर्यटकों की संख्या वहां की स्थानीय आबादी से कई गुना अधिक पार हो चुकी है जिसके कारण कचरा प्रबंधन और पानी की खपत की समस्या विकराल हो चली है।

स्थानीय जनजातीय समुदायों की भूमिका इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि वे ही इन पहाड़ों के असली संरक्षक हैं। उनकी पारंपरिक जीवनशैली न्यूनतम संसाधनों में अधिकतम संतुष्टि पर आधारित है, जो आज के 'कंज्यूमर कल्चर' के सर्वथा विपरीत है।

वांगचुक के इस आंदोलन ने वैश्विक जलवायु न्याय के सिद्धांत को भी मजबूती दी है। वे कहते हैं कि ₹सादा जीवन जिएं ताकि दूसरे जीवित रह सकें।₹ यह दर्शन उन विकसित देशों और बड़े शहरों के लिए एक चेतावनी है जिनकी विलासितापूर्ण जीवनशैली का खामियाजा लद्दाख जैसे दूरदराज के इलाकों के लोगों को भुगतना पड़ता है। लद्दाख के लोग उस कार्बन उत्सर्जन का हिस्सा नहीं हैं जो ग्लेशियरों को पिघला रहा है, फिर भी वे इसके पहले शिकार बन रहे हैं। वांगचुक ने इस विडंबना को बखूबी पकड़ा है और इसे एक जन-आंदोलन में बदल दिया है। उनका तर्क है कि यदि लद्दाख को स्वायत्तता मिलती है, तो स्थानीय परिषदें यह तय कर सकेंगी कि किस तरह का विकास उनके पर्यावरण के अनुकूल है। वे विकास के विरोधी नहीं हैं, बल्कि वे 'सतत संयत विकास' के पक्षधर हैं जो मिट्टी, पानी और हवा की शुद्धता को गिरवी रखकर न किया जाए।

इस संघर्ष का एक और गहरा पहलू लद्दाख की सामरिक स्थिति और वहां की भू-राजनीति है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के नाते वहां बुनियादी ढांचे का विकास आवश्यक है लेकिन वांगचुक का कहना है कि यह विकास स्थानीय लोगों और प्रकृति की सहमति के बिना नहीं होना चाहिए। जनजातीय समुदायों का अपनी जमीन से गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव होता है , और जब बड़े औद्योगिक घराने सौर फार्म या खनन परियोजनाओं के नाम पर इस जमीन का अधिग्रहण करते हैं, तो न केवल पर्यावरण बल्कि एक प्राचीन संस्कृति का भी लोप होने लगता है। आंकड़ों के अनुसार, लद्दाख के कई हिस्सों में ब्लैक कार्बन का स्तर बढ़ रहा है जो बर्फ की सफेदी को कम कर उसे सूरज की रोशनी सोखने के लिए मजबूर करता है जिससे बर्फ तेजी से पिघलती है। यह एक दुष्चक्र है जिसे रोकने के लिए वांगचुक ने अपनी देह को कष्ट देकर गांधीवादी तरीके से दुनिया का ध्यान खींचने का प्रयास किया है। यह समझना आवश्यक है कि सोनम वांगचुक का यह प्रकरण केवल लद्दाख की जीत या हार का मामला नहीं है। यह इस बात का लिटमस टेस्ट है कि क्या आधुनिक लोकतंत्र प्रकृति की पुकार को सुनने की क्षमता रखता है। यदि हम लद्दाख के ग्लेशियरों को नहीं बचा पाए, तो सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा जिससे अंततः पूरे भारतीय उपमहाद्वीप की जल एवं खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। जनजातीय लोगों का संघर्ष वास्तव में मानवता के अस्तित्व का संघर्ष है। वांगचुक ने जो मशाल जलाई है, वह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के पास हमारी जरूरतों के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन हमारे लालच के लिए नहीं। इस प्रकरण का संदेश स्पष्ट है कि अब समय केवल चर्चाओं का नहीं, बल्कि कड़े निर्णयों का है ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम केवल रेगिस्तान और सूखी नदियां विरासत में न दें। लद्दाख की यह गूंज आने वाले समय में वैश्विक पर्यावरण नीतियों को प्रभावित करने वाली एक निर्णायक आवाज साबित होगी क्योंकि यह सीधे तौर पर हमारी जीवनशैली और हमारे पर्यावरणीय भविष्य के बीच अंतर्संबंधों को चुनौती देती है।

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

## जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता : बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम और पारंपरिक भ्रांतियाँ

भारत आज दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। 2024 में भारत की जनसंख्या लगभग 145 करोड़ को पार कर गई है। यह एक ऐसी समस्या है जो देश के विकास, संसाधनों, पर्यावरण और लोगों के जीवन स्तर पर सीधा असर डालती है। एक तरफ जहाँ देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ बढ़ती आबादी उस तरक्की को खा जा रही है। सड़कों पर भीड़, अस्पतालों में लंबी कतारें, स्कूलों में जगह की कमी और बेरोजगारी — ये सब बढ़ती जनसंख्या के प्रत्यक्ष परिणाम हैं। इस लेख में हम बढ़ती जनसंख्या से होने वाले नुकसानों को समझेंगे और उन पारंपरिक विचार-धाराओं का खंडन करेंगे जो अधिक संतान पैदा करने को प्रेरित करती हैं।

बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम :

गरीबी और भुखमरी :

जब किसी परिवार में कमाने वाला एक होता है और खाने वाले दस, तो गरीबी अपने आप आ जाती है। यही बात पूरे देश पर लागू होती है। भारत में उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा तेजी से आबादी बढ़ रही है। नतीजा यह होता है कि प्रति व्यक्ति आय कम रह जाती है। करोड़ों लोग आज भी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं। गरीबी का सीधा संबंध अधिक जनसंख्या से है।

**बेरोजगारी :**

हर साल लाखों युवा पढ़-लिखकर नौकरी ढूँढने निकलते हैं, लेकिन नौकरियाँ उतनी तेजी से नहीं बढ़तीं जितनी तेजी से लोग बढ़ रहे हैं। एक सरकारी पद के लिए लाखों आवेदन आते हैं। इससे निराशा, अपराध और सामाजिक अस्थिरता बढ़ती है। अगर जनसंख्या नियंत्रित होती तो हर हाथ को काम मिलना आसान होता।

**शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ :**

सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 60-70 बच्चे बैठते हैं, जहाँ शिक्षक का ध्यान हर बच्चे पर देना असंभव हो जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की इतनी भीड़ होती है कि डॉक्टर को एक मरीज को देखने के लिए मुश्किल से दो मिनट मिलते हैं। बढ़ती आबादी के कारण सरकार चाहकर भी हर व्यक्ति तक अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुँचा पाती।

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

## वास्तव में, शरीर के प्रत्येक...

विद्यावाचस्पति उदयराज मिश्र

# शारीरिक अंगों में द्वैताद्वैत



भारतीय वाङ्मय की मूल चेतना "अक्षर" के आध्यात्मिक और दार्शनिक महत्त्व से अनुप्राणित है। उपनिषदों में "अक्षर" को ही ब्रह्म कहा गया है—अर्थात् जो क्षर (नाशवान) नहीं है, वही अक्षर है; जो शाश्वत, अविनाशी और चिरस्थायी है। यही अक्षर जब अर्थ-संयोजन के साथ अभिव्यक्त होता है, तब "शब्द" का रूप ग्रहण करता है। इस प्रकार शब्द मात्र ध्वनि या भाषा का उपकरण नहीं, बल्कि वह चेतना का संवाहक और तत्त्व का उद्घाटक है।

आचार्य चिंतामणि ने शब्द और अर्थ की व्याख्या को मात्र दो पंक्तियों में व्यक्त करते हुए लिखा है कि -

जो सुनि परे सो शब्द है।
समझि परे सो अर्थ।।

कदाचित कहना सत्य ही है कि भारतीय मनीषा ने शब्द और अर्थ के इस गूढ़ संबंध को केवल भाषाशास्त्र तक सीमित नहीं रखा, अपितु उसे दार्शनिक और शरीर-क्रिया विज्ञान तक विस्तारित किया। यही कारण है कि मानव शरीर के अंगों के नामकरण में भी एक गहन दार्शनिक दृष्टि परिलक्षित होती है—जिसमें द्वैत और अद्वैत दोनों का अद्भुत समन्वय निहित है।

उपनिषदों, पुराणों तथा शास्त्रों में यह सर्वमान्य सिद्धांत प्रतिपादित हुआ है कि समस्त सृष्टि में एक ही परम तत्त्व व्याप्त है—"एकोऽहम् द्वितीयो नास्ति"। इसी सत्य को प्राचीन ऋषियों ने मानव शरीर के अंगों के नामकरण और उनकी संरचना में भी रूपायित किया। प्रत्येक अंग—सिर, नेत्र, कर, पैर, नाक, मुख, मन, प्राण,जांघ, कटि,जीभ,नख आदि—स्वतंत्र सत्ता का बोध कराते हुए भी समष्टि में एकत्व की अनुभूति कराते हैं। सबके सब एक ही शरीर के निर्माण में योगदान देते हैं। आयुर्वेद के प्रणेता आचार्य चरक और सुश्रुत ने भी शरीर-शास्त्र का विवेचन करते समय इन अंगों के नामों और उनकी परंपरागत संज्ञाओं में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया। उन्होंने आद्य ऋषियों की इस नाम-संरचना को यथावत् स्वीकार किया, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह नामकरण केवल व्यवहारगत नहीं, बल्कि गहन तात्त्विक आधार पर प्रतिष्ठित है।

वास्तव में, शरीर के प्रत्येक अंग में "द्वैत" का बोध होता है—नेत्र द्वय हैं, कर द्वय हैं, चरण द्वय हैं—किन्तु जब ये सभी अंग एक समन्वित क्रिया में प्रवृत्त होते हैं, तब एक "अद्वैत" स्वरूप—एक शरीर—का निर्माण होता है। यह उसी प्रकार है जैसे अनेक नदियाँ विविध दिशाओं में प्रवाहित होकर अंततः एक ही महासागर में लीन हो जाती हैं और अपनी पृथक सत्ता का विसर्जन कर एकत्व को प्राप्त होती हैं।नाक भले एक है किंतु नासिका द्वार दो हैं।यदि दोनों में कोई एक बंद हो अर्थात् क्रियाशील न हो तो दिक्कत तय है।इस तथ्य को "ब्रह्म जीवैव नापरः" के सिद्धांत से भी समझा जा सकता है—अर्थात् जीव और ब्रह्म में कोई वास्तविक भेद नहीं है। शरीर के विविध अंग जीव की विविध अभिव्यक्तियाँ हैं, जो अंततः उसी एक परम चेतना के विविध आयाम हैं। संन्यास उपनिषद में नमस्कार की प्रक्रिया के माध्यम से इस द्वैत–अद्वैत के सिद्धांत को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रतिपादित किया गया है। जब कोई व्यक्ति दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करता है, तो वे दोनों हाथ द्वैत के प्रतीक होते हैं—एक प्रणाम करने वाला और दूसरा जिसे प्रणाम किया जा रहा है। किन्तु हाथों के संयोग के साथ ही यह द्वैत समाप्त होकर अद्वैत में परिणत हो जाता है।जिसे "तुभ्यं मह्यं नमामि च"अर्थात् मैं आपको प्रणाम करता हूँ, जो मेरे भीतर भी विद्यमान हैं,से परिभाषित करते हैं। इस प्रकार नमस्कार किसी बाह्य सत्ता को नहीं, बल्कि उस आत्मतत्त्व को होता है जो सर्वत्र विद्यमान है। यहाँ द्वैत का अतिक्रमण कर



अद्वैत की अनुभूति होती है। अतः स्पष्ट है कि मानव शरीर केवल जैविक संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत दार्शनिक प्रतिरूप है, जिसमें द्वैत और अद्वैत का अद्भुत समन्वय विद्यमान है। अंगों की पृथकता जहाँ विविधता का बोध कराती है, वहीं उनका समन्वय एकत्व की अनुभूति कराता है। यही वह यात्रा है—द्वैत से अद्वैत की ओर—जो भारतीय दर्शन की आत्मा है।

अंततः, यह समस्त विवेचन "ब्रह्म सत्यम् जगन्मिथ्या" के सिद्धांत को पुष्ट करता है, जहाँ दृश्य जगत की विविधता के पीछे एक ही परम सत्य विद्यमान है। मानव शरीर उसी सत्य का साकार रूप है—जहाँ अनेकता में एकता और द्वैत में अद्वैत का शाश्वत नृत्य निरंतर प्रवाहित होता रहता है।

## हिमालय...

गजेंद्र सिंह

### बदलता मौसम, पिघलते ग्लेशियर और आने वाला जल संकट



फरवरी 2026 ने भारत के मौसम इतिहास में एक असामान्य संकेत दर्ज किया । औसतन लगभग 32–33 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ यह महीना पिछले 125 वर्षों में सबसे गर्म और शुष्क फरवरी के रूप में सामने आया । आमतौर पर फरवरी भारत में हल्की ठंड और बसंत की शुरुआत का महीना माना जाता है लेकिन इस बार तापमान का यह असामान्य उछाल संकेत देता है कि जलवायु प्रणाली में गहरे स्तर पर बदलाव हो रहा है । मार्च की शुरुआत ने इन आशंकाओं को और अधिक स्पष्ट कर दिया । राजधानी दिल्ली में, विशेष रूप से सफदरजंग वेधशाला में, मार्च के पहले ही सप्ताह में तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया जो पिछले लगभग 15 वर्षों का उच्चतम स्तर है । यह केवल एक शहर की स्थिति नहीं थी, बल्कि देश के व्यापक भूभाग में इसी तरह की प्रवृत्ति देखने को मिली । राजस्थान के बाड़मेर में पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि जयपुर में यह 37.8 डिग्री तक पहुँच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 39.2 डिग्री और भोपाल में 36.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, दीसा और कांडला जैसे शहरों में तापमान 41 डिग्री तक पहुँच गया, जो सामान्य से काफी अधिक है। मार्च का मौसम केवल गर्मी तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी देखने को मिले । प्रथम सप्ताह जहाँ अधिक गर्म और शुष्क रहा, वहीं 15 मार्च के बाद अचानक ठंडी हवाएँ, बारिश और ओलावृष्टि हुई । इसका मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ रहा, जो सामान्यतः दिसंबर–जनवरी में सक्रिय होता है, लेकिन इस बार मार्च के मध्य में प्रभावी हुआ। इस असामान्य और विरोधाभासी मौसम पैटर्न का प्रभाव केवल मैदानी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके संकेत हिमालयी क्षेत्रों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। वहाँ बर्फबारी में कमी और तापमान में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक गंभीर चेतावनी है। इसके दूरगामी प्रभाव कृषि उत्पादन, जल संसाधनों और समग्र जनजीवन पर पड़ सकते हैं। हिमालय केवल एक पर्वत श्रृंखला नहीं है. यह एशिया की जल व्यवस्था की धुरी है । हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र को अक्सर "थर्ड पोल" और "एशिया का वाटर टावर" कहा जाता है। इसका कारण यह है कि यहाँ मौजूद विशाल बर्फ और ग्लेशियर एशिया की कई प्रमुख नदियों को पानी प्रदान करते हैं। हाल ही में अर्थ साइंस रिव्यु में प्रकाशित एक शोध ने चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान तापमान वृद्धि का सिलसिला जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक हिमालय की लगभग 68 प्रतिशत बर्फ समाप्त हो सकती है। यह केवल हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का संकट नहीं होगा, बल्कि दक्षिण और मध्य एशिया के करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा, कृषि और आजीविका पर सीधा प्रभाव डालेगा ।

## जरा हटके

## यह महत्वाकांक्षा ...

डॉ0 रामा तक्षक

# गुलामों के व्यापार से मानवाधिकार तक

''असतो मा सदगमय'' की उक्ति से इस आलेख की शुरुआत करना चाहता हूँ लेकिन नैतिकता के नाते उपनिषद का इस आशय का रेखांकन सटीक नहीं है। हाँ, यह वाक्य उन व्यक्तियों के लिए इतनी अर्थपूर्णता लिए हुए है जो जीवन में अंधेरे से प्रकाश की ओर चलना चाहते हैं। यह उक्ति उन व्यक्तियों के लिए कोई मायने नहीं रखती जो सिर्फ लालच के लिए जीवन में, कुछ भी कर बैठने को तैयार रहते हैं। जिनका एक मात्र उद्देश्य धन कमाना है और जिनके लिए मानवीय मूल्यों के कोई मायने नहीं हैं। ऐसे लोगों की अहम भरी महत्वाकांक्षाओं के आगे व्यक्ति गणित की एक इकाई भर है जिसे रौंद कर, अपनी महत्वाकांक्षा को और विस्तार देना, एक यश गाथा का गान है।

यह महत्वाकांक्षा एक सम्प्रभु राष्ट्र को रौंदने तक को राजी है। ईरान युद्ध, यूक्रेन युद्ध, 7 अक्टूबर को इजरायल में नरसंहार, गाजा पर बम्बारी, ताईवान पर चीन की पैनी नजर, इसी अहम और महत्कांक्षा के ज्वलंत उदाहरण हैं। ऐसे उदाहरणों की एक बहुत लम्बी सूची इतिहास के पन्नों में दर्ज है। यह सब गुलाम बनाने के क्रम का ही चक्र है। यह इतिहास का एक गले से न उतरने वाला ऐसा काला सच है कि समाज में गुलामी एक सामाजिक घटना रही है। इस घटना की पृष्ठभूमि में धन के बल पर धनिक व्यक्ति, एक व्यक्ति को अपनी संपत्ति घोषित कर देते थे।

नीदरलैंड ने पौधरोपण और अन्न उगाने के लिए, गुलामों के व्यापार करने में और दासप्रथा को स्थापित करने में बहुत निकृष्ट भूमिका निभाई है। यह नीदरलैंड्स के इतिहास का काला अध्याय है जिस पर नीदरलैंड्स का हर नागरिक आज शर्म से सिर झुका लेता है। यदि इतिहास के पन्नों को उठाकर देखें तो असल में गुलामों के व्यापार में सात गणराज्यों के



संयुक्त नीदरलैंडस ने 17वीं और 18वीं शताब्दी में बहुत सक्रिय भूमिका निभाई है। उस समय के जो सात संयुक्त गणराज्य नीदरलैंडस में थे, वे सभी गुलामों के व्यापार में सक्रिय थे। जीलैंड संयुक्त नीदरलैंड्स का एक गणराज्य था। उसके नागरिक व्यक्तिगत तौर पर भी गुलामों के व्यापार में शामिल थे। यह व्यापार एक भौगोलिक त्रिकोणीय स्वरूप का व्यापार था। इसमें, डब्ल्यू आई सी यानी वेस्ट इंडिया कंपनी तथा एम सी सी यानी मिडलबर्ग कमर्स कम्पनी के जहाज गुलामों की खरीद के लिए जीलैंड बन्दरगाह से पश्चिमी अफ्रीका की यात्रा किया करते थे। वहाँ से गुलामों की खरीदारी कर, गुलामों को पौधरोपण या वृक्षारोपण के काम करवाने के लिए दक्षिण अमेरिका ले जाया गया। दक्षिण अमेरिका से ये खाली जहाज नीदरलैंड लौट आते थे। यह एक ऐसा त्रिकोणीय यात्रा चक्र था जिसके विषय में उन दिनों नीदरलैंड्स का आमजन अनभिज्ञ था। गुलामों की व्यापार की शुरुआत इतिहास के पन्नों में 1637 से दर्ज है। शुरुआत में तो यह व्यापार इतना लाभकारी नहीं था।

# आत्मविश्वास से कहता हूँ

मजे में हूँ, आज के समय में अगर मानव में आत्मविश्वास हैं तो समझो की उसके कोई दुःख नहीं हैं क्यूँकि भितर के आत्मविश्वास के सामने कोई भी दुःख हों वो बिल्कुल ही नहीं के बराबर या बहुत कम होगा । आत्मविश्वास से रोगी मनुष्य ख़ुद को प्रसन्न रख कर जीवन को रोगों के साथ सूखी बना सकता हैं ।ढलती शाम का नज़ारा, किसी के लिए हैं प्यारा ।हैं जिसका दिल ख़ुशी कीं उमंगो से भरा ! तो किसी के लिए उदासी और हताशा से भरा ! मान ली हार जिसने और खो दिया आत्मविश्वास अपना! *नज़ारा एक हैं , नज़रिया जुदा जुदा !* हाथ में हैं अपने, मिलों ख़ाक में या बन जाओं खुदा !! चलता चल मुसाफ़िर रास्ता स्वयं मिल जाएगा । पर मंज़िल क्या है यदि कोई न जानें तो रास्ता भटक जाएगा । ज़िंदगी यदि चलती जा रही बिना लक्ष्यको जाने । तो नहीं मिल सकते हैं सपनों के पैमाने । हर आदमी की ज़िंदगी में होते हैं सपने अपने अपने । इन सपनों को पूरा करने के न जाने कितने ही तरीक़े । किन्तु सपनों को पूरा करने केलिए किस राहको चुने यह तो है स्वयंकी चाह । जितने भी हुए चमत्कार व बड़े आविष्कार । उन सब में छुपी थी एक चाह । उसी के अनुरूप चलती रही राह । छोटे से बालक ने गिरते हुए सेब को देखकर कर दिया अद्भुत आविष्कार । चंद्रमा तक पहुँचने की चाह ने ही तो राह दिखाई । तभी तो वहाँ के धरातल पर मानव द्वारा ध्वजा फहराई गई ।एवरिस्ट पर जाना हो या सागर की नापनी गहराई । दुर्लभतम से दुर्लभतम चाह ने ना जाने कितने आश्चर्य कर राह की शक्ति दिखाई । मानव दिमाग़ में है अनंत शक्ति उस शक्ति का कितना प्रयोग करे व्यक्ति के बस की बात । दिमाग़ में तरंगे वैसी , चाह हो जैसी । चाह रूपी तरंगो को ऊँचाइयों को छूने के लिये ज़रूरी है सफलता रूपी राह को पहचानना । अदम्य साहस , सकारात्मक सोच आत्मविश्वास रूपी शक्तियों को साथ में रखना । तब वह दिन दूर नहीं होगा जब मन चाही चाह का सही राह पकड़ कर पूर्ण हो जाना ।खरगोश से दौड़ मे कछुए ने जीत कर दिखाई अपनी सख्शियत। हर छोटे से छोटे प्राणी मे होती अपनी-अपनी खासियत।जो नही रखता स्वयं की अहमियत तो लोगो के सामने दृष्टिगोचर नही होती उसकी काबिलियत। जिसने भी महान व्यक्ति हुए , उनके जीवन पर डालें हम नज़र। जीवन मे अनेक संघर्ष से गुजरते हुए पहुचे सफलता के शिखर। इस मुकाम को पाने के पीछे छुपे राज़ को किया उजागर। स्वयं को कभी किसी से कम नही आंकना, यह है उनकी असलियत।

**› प्रदीप छाजेड़**

## बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पहुंच रहे लोग, सरकार बोली- अफवाह फैलाने वालों पर एक्शन लेंगे

# पेट्रोल पंपों पर लाइनें गोंडा में धक्का-मुक्की

**हाहाकार**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ, लखनऊ, झांसी, कौशांबी। यूपी में कई पेट्रोल पंपों पर लाइनें लगी हैं। पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते तीसरे दिन यानी शुक्रवार को भी लोग बड़े-बड़े डिब्बे और ड्रम लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं। भीड़ की वजह से घंटों इंतजार भी करना पड़ रहा है।

लखनऊ के कठौता चौराहे पर पेट्रोल-डीजल के लिए 500 मीटर लंबी लाइन लगी है। गोंडा के धानेपुर में एक पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए जमकर धक्का-मुक्की हुई। लाइन में आगे पहुंचने के चक्कर में कुछ लोग आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे को खींचकर लाइन से बाहर निकालते दिखे। योगी सरकार ने गुरुवार को साफ किया कि ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी भी तरह की चिंता की जरूरत नहीं है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद ने बताया- कहीं भी संकट जैसी स्थिति नहीं है। सभी जिलों में मांग के अनुसार, पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद में हापुड़ रोड आरडीसी बस अड्डा समेत शहर के विभिन्न इलाकों में पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य है। सरकारी छुट्टी होने के कारण पंपों पर भीड़ भी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी और पेट्रोल पंप संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि सभी पंपों पर पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और लोग सामान्य रूप से आ-जा रहे हैं।

वाराणसी के हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रकाश सर्विस स्टेशन के मालिक राजीव गुप्ता ने कहा कि उनके पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। दोनों ईंधनों की आपूर्ति सामान्य दिनों की तरह सुचारू रूप से जारी है।




### झांसी में गल्ला मंडी रोड का पंप बंद, 12 बजे से सप्लाई ठप

झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी रोड पर आरके फ्यूलिंग स्टेशन पर पेट्रोल और डीजल खत्म हो गया है, जिससे पंप बंद हो गया है। दोपहर करीब 12 बजे से लोग ईंधन के लिए इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है।

### कन्नौज में ड्रमों में भराया जा रहा डीजल

कन्नौज के इंदरगढ़ कस्बे स्थित इंदरगढ़ फिलिंग स्टेशन पर डीजल लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ट्रैक्टर-ट्रालियों पर नीले ड्रम लेकर किसान बड़ी संख्या में पंप पर पहुंच रहे। बिना किसी रोक-टोक के ड्रमों में डीजल भरवाया जा रहा है। गेहूं कटाई के मौसम के चलते किसानों को डीजल की ज्यादा जरूरत पड़ रही है, जिसके कारण पंपों पर दबाव बढ़ गया है। पेट्रोल पंप मालिक अनुपम दुबे ने बताया कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसानों की जरूरत को देखते हुए उन्हें डीजल दिया जा रहा है।

- प्रदेश में करीब 13,168 पेट्रोल पंप चल रहे हैं। पंप मालिकों का कहना है कि अचानक 3 से 4 गुना तक भीड़ बढ़ गई। उन्हें समझ में भी नहीं आ रहा कि तेल पर्याप्त होने के बावजूद ऐसा क्यों हो रहा।



लखनऊ के कठौता में शुक्रवार सुबह पेट्रोल-डीजल के लिए 500 मीटर लंबी लाइन लग गई।

# माधुरी दीक्षित ने काशी में गाया शिव तांडव

## बाबा विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित 2 दिन से काशी में हैं। दूसरे दिन शुक्रवार सुबह उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ रुद्राभिषेक किया। साथ ही "ऊं नमः शिवाय" का जप भी किया। इसके बाद माधुरी दीक्षित ने शिव तांडव गाया और हर हर महादेव का जयघोष किया।

मंदिर न्यास की ओर से माधुरी को रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र भेंट किया गया। माधुरी जब मंदिर से निकल रही थीं, तो लाइन में खड़े श्रद्धालुओं ने 'हर हर महादेव' के जयघोष से उनका स्वागत किया। इस दौरान वह सबसे मिलती और मुस्कुराती रहीं।

माधुरी ने कहा-यह बहुत शुभ दिन है कि नवरात्रि की नवमी पर हम बाबा का आशीर्वाद लेने काशी आए हैं। कल हमने गंगा आरती देखी और आज बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य मिला। यहां आकर मन को काफी शांति मिली है।



धाम की भव्यता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बेहद खूबसूरत बनकर तैयार हुआ है। नमो घाट से वह हाइड्रोजन क्रूज के जरिए गंगा मार्ग से मंदिर पहुंचीं। यहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर चौक तक ले जाया गया।

**फास्ट न्यूज**

### सपा पर हमलावर हुए संजय निषाद

गोरखपुर । गोरखपुर में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोला है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सपा छोटे दलों को सम्मान देने के बजाय उन्हें "दलाल" समझती थी, यही कारण है कि आज वह सत्ता से बाहर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई छोटे-बड़े दलों को साथ लेकर चल रहे हैं। इसलिए उनकी सरकार मजबूत है।

### दोस्त को बचाने में 4 लड़के डूबे, मौत

प्रयागराज । प्रयागराज में गंगा नदी में नहाते समय 4 बच्चे डूब गए। दोस्तों को डूबता देखकर दूसरे बच्चे उन्हें बचाने के लिए कूदे। इस दौरान एक-एक कर सभी डूबने लगे और गहरे पानी में समा गए। शोर सुनकर आसपास के गोताखोर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। पहले 2 बच्चों के शव बाहर निकाले गए।

करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बाकी 2 बच्चों की डेडबॉडी बरामद की गई। मरने वालों की पहचान कुनाल (13), निहाल (10), ऋषभ (10) और दीपक (17) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर परिवारवालों के साथ पूरे गांव के लोग गंगा किनारे पहुंच गए।

### युवक की पेड़ से लटकी लाश मिली

गोरखपुर । गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात युवक की पेड़ से लटकी लाश मिली है। युवक के गले में फंदा लगा हुआ था, इसलिए सुसाइड की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची।

मौके से साक्ष्य एकत्रित कर शव को कब्जे में ले लिया। आस-पास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी पहचानने से इन्कार कर दिया।

## बर्डपुर-पिपरहवा मार्ग फोरलेन को 261.49 करोड़ की स्वीकृति

**परियोजना**

तमसा संकेत, संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु में विकास को नई गति प्रदान करते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा नार्थ–साउथ कॉरिडोर के अंतर्गत बर्डपुर–पिपरहवा मार्ग (लंबाई 9.400 किमी) को फोरलेन में विकसित किए जाने हेतु 261 करोड़ 49 लाख 63 हजार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र में बेहतर एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही व्यापार, आवागमन एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं तेज परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे समग्र विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम है और इससे कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। सदर विधायक श्यामधनी राही ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से हृदयपूर्वक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।



## मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे, प्रयागराज से मुंडन कराकर लौट रहे थे

# पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कौशांबी। कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। 27 का इलाज जिला अस्पताल और CHC में चल रहा है। सभी लोग प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप से उछलकर लोग सड़क पर गिर गए। सड़क पर पड़े घायल तड़पते रहे। आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया, साथ ही पुलिस को सूचना दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ। फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के रहने वाले करीब 37 लोग पिकअप से कौशांबी के कड़ा धाम स्थित मां शीतला का दर्शन करने आए थे। इससे पहले इन लोगों ने प्रयागराज में बच्चे का मुंडन कराया था। डोरमा पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे एक ट्राला खड़ा था। इसी बीच तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर ट्राले में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। पिकअप में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। 8 एंबुलेंस से गंभीर घायल मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सिराथू CHC में अभी 14 लोगों का इलाज चल रहा है, जबकि जिला अस्पताल में 13 लोग भर्ती हैं। 2 लोगों की हालत गंभीर थी, जिन्हें प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है।



हादसे के बाद एम्बुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। जहां 5 महिलाओं और 4 बच्चों की मौत हो गई।

### आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े

सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के लिए 4 एंबुलेंस लगाई गईं। घायलों को अस्पताल ले जाते समय 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। CMO संजय कुमार ने बताया कि सैनी थाना के पास अजुवा मोड़ पर हादसा हुआ। जैसे ही हमें इसकी सूचना मिली, मैंने तुरंत 108 एम्बुलेंस के मैनेजर को फोन किया। इसके बाद 7-8 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। हमारे सिराथू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में कुल 37 मरीज लाए गए।





> सीओ सिराथू संतोष कुमार ने बताया कि प्रशासन मौके पर मौजूद है। ये लोग प्रयागराज से फतेहपुर जा रहे थे। 6 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। घायलों का इलाज किया जा रहा है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## पूरे वातावरण में भजन, कीर्तन और जयघोष गूंजते रहे, जिससे कार्यक्रम स्थल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा

# माखन चोरी लीला में उमड़ा भक्ति का सागर, श्रद्धालु हुए भावविभोर

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र के अमोली कला गांव में शुक्रवार को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां अधिवक्ता अनमोल मिश्रा के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में माखन चोरी लीला और गोवर्धन पूजा प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे वातावरण में भजन, कीर्तन और जयघोष गूंजते रहे, जिससे कार्यक्रम स्थल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कथा वाचक अवधेश शुक्ला 'तरंग' जी महाराज ने अपने मधुर प्रवचनों से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत चित्रण किया। उन्होंने बताया कि माखन चोरी की लीला केवल एक बाल सुलभ शरारत नहीं, बल्कि यह भक्त और भगवान के बीच प्रेम, समर्पण और अपनत्व का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण जिस प्रकार ग्वाल-बालों के घरों से माखन चुराते थे, उसी प्रकार वे भक्तों के हृदय से अहंकार, द्वेष और पाप का हरण कर उन्हें निर्मल बनाते हैं। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा प्रसंग ने भी सभी को गहराई से प्रभावित किया। व्यास जी ने कहा कि जब इंद्र के अहंकार के कारण ब्रज में भारी वर्षा हुई, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग इस बात का प्रतीक है कि भगवान अपने सच्चे भक्तों को हर संकट से बचाते हैं और कभी उनका साथ नहीं छोड़ते।

इस अवसर पर विवेक अवस्थी ने व्यास एवं आचार्य का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में यजमान राधेश्याम मिश्र, अमोल शुक्ला, हरिओम अवस्थी, अमलेश पांडे, अनिरुद्ध अवस्थी, अमरनाथ, लल्लू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



> कार्यक्रम में गूंजते भजनों "गोवर्धनधारी गिरिधर गोपाल की जय" और "माखन चुराने वाले गिरिधर लाला की जय" ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया।

### वाराणसी में कार ने 4 लोगों को उड़ाया

वाराणसी । वाराणसी में कार ड्राइवर ने सड़क किनारे चल रहे लोगों को उड़ा दिया। हादसे का VIDEO सामने आया है। इसमें दिख रहा कि सिगरा थाना के साजन तिराहे पर अचानक साढ़े 9 बजे एक तेज रफ्तार में कार पहुंची। कार ने पहले एक युवक को टक्कर मारी। इसमें युवक करीब 5 फीट उछलकर दूर जा गिरा। इसके बाद बेकाबू कार सड़क किनारे चल रहे 3 अन्य युवकों को टक्कर मारने के बाद पीछे से पिकअप से टकरा गई। इसके बाद ड्राइवर ने कार को बैक किया और भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल 4 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल गाजीपुर के मिश्री बाजार के रहने वाले संजय गुप्ता उर्फ गुड्डू, पुत्र अमरनाथ गुप्ता और पीर सागर के जाहुर अंसारी, पुत्र रज्जब अली को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं संजय गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने कार संख्या UP 65BX0051 के चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 'ग्लोबल एचआर मीट/प्लेसमेंट ड्राइव-2026' का शुभारंभ

## 422 अभ्यर्थी अगले चरण में चयनित

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय 'ग्लोबल एचआर मीट/प्लेसमेंट ड्राइव-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर देश की 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेते हुए युवाओं के चयन एवं भविष्य की रोजगार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह एवं कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

पहले दिन आईटी, मैनेजमेंट, हेल्थ सेक्टर, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फार्मा और नर्सिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों से 50 से अधिक संस्थानों के एचआर हेड एवं निदेशकों ने प्रतिभाग किया। पैनल डिस्कशन, लिखित परीक्षा एवं व्यक्तित्व विकास सत्रों के माध्यम से कुल 1200 छात्र-छात्राओं में से 422 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस दो दिवसीय ड्राइव में अपोलो हॉस्पिटल, यशोदा मेडिसिटी,मैक्स हेल्थ केयर, जुबिलेंट फार्मा, तिवा फार्मास्युटिकल, एशियन हॉस्पिटल, सहित हेल्थकेयर, फार्मा, ऑटोमोबाइल, डेयरी, एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग और एक्सपोर्ट सेक्टर की नामचीन कंपनियों ने भाग लिया।



**नाराजगी : नाराज होकर कार्यक्रम छोड़कर चले गए, लेटर लिखकर चेताया**

# मंत्री असीम अरुण इंतजार करते रहे, कन्नौज डीएम नहीं पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी

कन्नौज । यूपी सरकार में मंत्री असीम अरुण ने गुरुवार शाम को कन्नौज डीएम का 45 मिनट तक इंतजार किया, लेकिन वह नहीं पहुंचे। इससे नाराज मंत्री कार्यक्रम छोड़कर चले गए। वाकया यूपी सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में हुआ।

थोड़ी देर बाद मंत्री ने डीएम आशुतोष अग्निहोत्री को पत्र लिखकर नाराजगी जताई। समाज कल्याण मंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी से सीख लेनी चाहिए। अनुशासन ही प्रशासन की नींव है। भविष्य में इसका ख्याल रखिएगा।

इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दोपहर मकरंदनगर तिराहे पर प्रदर्शन किया। डीएम-एसपी के खिलाफ नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर विरोध जताया। सूचना मिलने पर मंत्री असीम अरुण खुद पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाकर प्रदर्शन खत्म करवाया। रोमा स्मारक में गुरुवार शाम 5.30 बजे डिस्कवर योर रूट्स (अपनी जड़ों को खोजें) कार्यक्रम होना था। सांस्कृतिक विभाग के कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण शाम 5.15 बजे पत्नी ज्योत्सना के साथ पहुंच गए, लेकिन वहां कोई अधिकारी नजर नहीं आया। मंत्री भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया समेत कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर अधिकारियों का इंतजार करने लगे।

मंत्री ने 45 मिनट तक इंतजार किया, लेकिन डीएम आशुतोष अग्निहोत्री और एसपी बिनोद कुमार नहीं पहुंचे। इससे मंत्री नाराज हो गए। वह गेट से बाहर निकल गए और कार में बैठकर चले गए। उनके साथ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी रवाना हो गए।

हालांकि, मंत्री के जाने के 10 मिनट बाद डीएम और एसपी पहुंचे। बताया जा रहा है कि मंत्री के करीबी माने जाने वाले प्रवीण टंडन के जरिए अफसरों ने उन्हें मनाने के प्रयास किए, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद डीएम ने कार्यक्रम कराया।

मंत्री ने लिखा- अत्यंत खेद के साथ आपका ध्यान रोमा स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। मुझे शाम 5:30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। मैं तय समय पर पहुंच भी गया, लेकिन वहां न तो समय का पालन हुआ और न ही शिष्टाचार दिखा।

मुख्य आयोजक एसडीएम वैशाली मेरे पहुंचने के करीब 15 मिनट बाद आईं, उसके बाद एडीएम पहुंचे। मैंने 45 मिनट तक कार्यक्रम शुरू होने का इंतजार किया। इस दौरान मंच से बार-बार कहा जाता रहा कि कार्यक्रम डीएम के आने के बाद शुरू होगा, जबकि यह साफ नहीं था कि डीएम कब आएंगे। इससे स्थिति असहज हो गई।





घटना से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दोपहर प्रदर्शन किया। डीएम-एसपी के खिलाफ नारेबाजी की।

# जिलाधिकारी ने की सभी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों साथ बैठक

## ईंधन की है पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य-डीएम

- प्रत्येक पंपवार सख्त निगरानी के निर्देश
- डीएम की जनपदवासियों से अपीलः संयम रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी ने सभी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा जिला पूर्ति अधिकारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने तथा पंपवार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा सभी पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे कहीं भी कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 247 पेट्रोल पंप संचालित हैं तथा वर्तमान में 2580 केएल डीजल एवं 1860 केएल पेट्रोल उपलब्ध है। आज प्रातःकाल तक 1426 केएल डीजल एवं 820 केएल पेट्रोल की बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अफवाहों के कारण गत दिवस की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक बिक्री हुई, जिससे कुछ स्थानों पर अस्थायी दबाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस दौरान ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि डिपो में पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा सभी पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति निरंतर बनाए रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर प्रिवेंशन ऑफ ब्लैकमार्केटिंग एक्ट एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम (EC Act) के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अंत में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे घबराकर ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें तथा केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीद करें।



# बुलेट सिर के आरपार, लाश देख पत्नी बेसुध ■ बेटा एयरफोर्स में है

# डॉक्टर ने रिवॉल्वर से गोली मारकर जान दी





**खुदखुशी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर । सीतापुर में एक सीनियर डॉक्टर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर पत्नी दौड़कर मौके पर पहुंचीं। देखा पति खून से लथपथ बेड पर औंधे मुंह गिरे पड़े थे। एक गोली उनकी कनपटी को चीरती हुई दूसरी ओर निकल गई थी।

पास में रिवॉल्वर पड़ा था। नजारा देखकर पत्नी चीख पड़ीं। चिल्लाकर पड़ोसियों को बुलाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मोहल्ले की शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। पुलिस ने घटनास्थल से रिवॉल्वर को कब्जे में ले लिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद पत्नी को गहरा सदमा लगा है। वह बेसुध हैं और वह कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है। सिविल लाइन मोहल्ले के रहने वाले डॉ. राजेंद्र चौधरी (69) आयुर्वेद के डॉक्टर थे। उनके पास BAMS की डिग्री थी। खैराबाद में उनकी क्लीनिक थी। डॉ. चौधरी अपनी पत्नी शक्ति चौधरी (65) के साथ घर में रहते थे। पड़ोसियों के अनुसार, उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा दिवांश, एयरफोर्स में डॉक्टर हैं और खड़गपुर में तैनाती है। जबकि छोटा बेटा उत्तम, लखनऊ से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार दोपहर दोनों घर पर ही थे। लंच करने के बाद डॉ. चौधरी फर्स्ट फ्लोर पर अपने कमरे में चले गए। पत्नी नीचे ही कुछ काम करने लगी। दोपहर करीब एक बजे डॉ. चौधरी के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। आवाज सुनकर पत्नी दौड़ते हुए फर्स्ट फ्लोर पर उनके कमरे में पहुंची। बेड पर डॉक्टर चौधरी औंधे मुंह गिरे पड़े थे।



डॉ. राजेंद्र चौधरी, मृतक

### आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई

सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया- घटना के बारे में पत्नी से पूछताछ की। उन्हें इतना सदमा लगा है कि वह कुछ भी नहीं बोल रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकेगा। बेटों को सूचना दे दी गई है।

### पति की मौत के बाद पत्नी को सदमा लगा

पत्नी शक्ति, कमरे का नजारा देखकर चीख पड़ी। चिल्लाकर पड़ोसियों को बुलाया। आसपास के लोग कमरे में पहुंचे तो नजारा देखकर दंग रह गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच पड़ताल करते हुए साक्ष्य जुटाए। रिवॉल्वर को कब्जे में ले लिया। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। उधर, पत्नी इस घटना के बाद बेसुध हैं। बेटों के आने तक उनके पास एक महिला सिपाही को लगाया गया है।

**पड़ोसियों के अनुसार, डॉक्टर अपनी पत्नी के साथ रहते थे। दोनों बेटे बाहर रहते हैं। नौकरानी सुनीता ने बताया कि दो दिन पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद दोनों में बातचीत बंद थी।**

# राम नवमी व जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस का रूट मार्च

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में राम नवमी के पावन पर्व एवं जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर एवं कोतवाली द्वारा पुलिस बल के साथ शहर के बाजारों एवं अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधिकारियों ने संवेदन-शील क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

**फास्ट न्यूज**

### महिला बोली- पार्षद पति रोज मारता है

आगरा । आगरा के हरीपर्वत थानाक्षेत्र में एक पार्षद पर अपनी पत्नी को दहेज के लिए मारने की कोशिश करने का आरोप लगा है। पीड़िता डिम्पी डागौर ने अपने पति रवि कुमार और सात अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। शादी में उसके माता-पिता ने 16 लाख रुपए का दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद रवि का व्यवहार बदल गया और उसने अतिरिक्त दहेज में 11 लाख रुपए की नकदी और कार की मांग शुरू कर दी।

### पूर्व भाजपा विधायक के बाइक शोरूम में चोरी

कानपुर । कानपुर के हनुमंत विहार में पूर्व भाजपा विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया के ई-बाइक शोरूम में चोरी हो गई। बगल के खाली प्लाट में लगे नीम के पेड़ से चढ़ कर घुसा चोर नकदी पार कर ले गया। शुक्रवार सुबह पूर्व विधायक के बेटे शोरूम पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई, इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक अधेड़ दराजों की तलाशी लेते हुए दिखाई दिया। जरौली स्थित शांति इंक्लेव निवासी पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का हमीरपुर रोड पर ई-रिक्शा और बाइक शोरूम हैं, जिसकी देखरेख उनका बेटा हिमांशु करता है।

### थ्रेशर में कटकर इकलौते बेटे की मौत

आगरा । आगरा में सरसों की मड़ाई के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। थ्रेशर मशीन के पास तिरपाल पर लेटा 2 साल का मासूम अचानक मशीन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हादसा थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के नगला मानसिंह गांव में हुआ।

# जिलाधिकारी ने देवरहा बाबा गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। श्री राम नवमी के पावन अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राल स्थित ब्रह्मऋषि श्री देवरहा बाबा गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ गौ-पूजन किया तथा आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया।

जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर में संचालित गौधाम गुरुकुल (स्कूल) के बच्चों को मिष्ठान वितरित किया। गुरुकुल में लगभग 80 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए शिल्प एवं हस्तकला का अवलोकन किया और उनसे पढ़ाई व भोजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने गौशाला में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई भी की। जिलाधिकारी ने स्वयं झाड़ू लगाकर परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि ब्रह्मऋषि श्री देवरहा बाबा गो-आश्रय स्थल में लगभग 8600 गौवंश संरक्षित हैं। 136 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस गौशाला में गौवंशों के लिए 27 शेड उपलब्ध हैं। उन्होंने गौ उत्पाद केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां गोबर व गौमूत्र से बने साबुन, फेसवॉश, दीपक, फिनाइल, घी और धूपबत्ती आदि उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि इन उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा केंद्र पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी तैयार कराई जाए।



### रामनवमी पर भक्ति में रमे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

कानपुर । कानपुर में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का अनोखा अंदाज देखने को मिला। रामनवमी के अवसर पर लाल बंगला स्थित राम मंदिर में आयोजित रामायण पाठ में शामिल होने पहुंचे महाना भक्ति में डूब गए। भजन शुरू होते ही उन्होंने माइक थाम लिया और गायक के साथ सुर में सुर मिलाते हुए राम आएंगे भजन गाया। इस दौरान उनकी पत्नी अनीता महाना भी उनके साथ मौजूद रहीं।

महाराजपुर क्षेत्र के परदेवनपुर स्थित प्राचीन मंदिर में भक्ति का माहौल उस समय और खास हो गया, जब विधानसभा अध्यक्ष ताली बजाते हुए एक आम भक्त की तरह झूमते नजर आए। वहां मौजूद लोग उनका यह रूप देखकर चकित रह गए। श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए सतीश महाना ने कहा- अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनना सौभाग्य की बात है। जब भक्ति भाव जागता है, तो इंसान अपने आप झूमने लगता है।

# गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

## गोवर्धन पुलिस ने डेढ़ लाख से अधिक की संपत्ति की कुर्की

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। थाना गोवर्धन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों की चल संपत्ति कुर्क कर विधिक प्रक्रिया पूरी की। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 142/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट मथुरा के 13 मार्च आदेश के अनुपालन में की गई। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त आजम पुत्र दीनू निवासी देवसेरस एवं अंजुम पुत्र कम्मू निवासी देवसरेस, थाना गोवर्धन जनपद मथुरा से संबंधित संपत्ति को गिरोह बंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया गया। कार्रवाई के दौरान माइक से अनाउंसमेंट कर एवं ढोल बजवाकर मुनादी के माध्यम से आमजन को कुर्क की जा रही संपत्ति की जानकारी दी गई।



कुर्क की गई संपत्ति में अभियुक्त आजम की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइ-किल (संख्या UP 85 BR 0814) शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये है। वहीं अभियुक्त अंजुम की दो मोटरसाइकिल—स्प्लेंडर (संख्या UP 85 CP 5138) जिसकी कीमत 56,300 रुपये तथा टीवीएस एक्सेल 100 (संख्या UP 85 CX 8683) जिसकी कीमत 31,900 रुपये—को भी कुर्क किया गया। कुल मिलाकर 1,18,200 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई।

पुलिस ने बताया कि उक्त कार्रवाई के तहत संबंधित वाद संख्या 497/2026 एवं 498/2026 में दर्ज मामलों में विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए संपत्ति कुर्क की गई है।

# बॉडी बिल्डर ने खुद को चाकू मारकर जान दी

## मेरठ में भाई से फोन पर झगड़ा हुआ, गुस्से में जांघ पर वार किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ । मेरठ में एक बॉडी बिल्डर ने खुद को चाकू मारकर जान दे दी। ट्रेनर अपने बड़े भाई इमरान से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान दोनों भाइयों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। कॉल कटते ही उसने घर में रखा चाकू उठाया। अपनी जांघ में तेजी से वार किया।

वार इतना तेज था कि चाकू सीधे जांघ को चीरते हुए अंदर नस को काटता चला गया। तेजी से खून बहने लगा। घरवाले उसे पास के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के ही ले गए। जहां शाम 4 बजे युवक ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पुलिस पहुंची, तो परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार कर दिया। घरवाले मामले में पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। घटना इंचौली थानाक्षेत्र के लावड़ की है।

लावड़ के रहने वाले अलीहसन के 6 बेटे थे। इसमें सबसे छोटे बेटे की 3 साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। 5वें नंबर का बेटा सलमान था। सलमान का लावड़ में ही अपना पोलेट्री फार्म है। इसके साथ ही सलमान (28) बॉडी बिल्डर था। 4 साल पहले उसकी शादी मुजफ्फरनगर की आयशा से हुई थी। उसके एक बेटा एक बेटी हैं। एक ही घर में अलीहसन अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा काम से बाहर गया था। गुरुवार सुबह सलमान अपने कमरे में बच्चों के साथ लेटा था। पत्नी कमरे से बाहर कुछ काम कर रही थी। तभी सलमान की बात फोन पर अपने बड़े भाई इमरान से हो रही थी।



### अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा

घरवाले तुरंत घायल हालत में सलमान को पास ही एसडीएस ग्लोबल अस्पताल लेकर गए। जहां उसे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉक्टर शाम 4 बजे तक सलमान का इलाज करते रहे, लेकिन कट गहरा होने के कारण खून का रिसाव नहीं रुका। एक्सेस ब्लीडिंग के चलते शाम को सलमान ने दम तोड़ दिया।

### वैटलॉस कर बॉडी बनाने की वजह से सीधे नस में लगा चाकू

सलमान के दोस्तों ने बताया- सलमान को बॉडी बिल्डिंग का शौक था। वो अपने सोशल मीडिया पर भी इसी तरह के वीडियो शेयर करता था। रोजाना जिम जाता था। सालों से यही उसका रुटीन था। उसने बॉडी बिल्डिंग की तमाम प्रतियोगिताएं भी जीती हुई थीं। पिछले कुछ समय से उसने अपना वेटलॉस किया था। एब्स बनाने के लिए वो वेटलॉस भी कर रहा था। उसकी बॉडी काफी स्ट्रांग और टोन थी। इसके कारण जैसे ही उसने खुद को चाकू मारे तो चाकू 3 इंच अंदर घुसा। नस में लगा और नस फट गई। अगर सामान्य शरीर होता तो इतनी गहराई तक कट लगना आसान नहीं है। लेकिन टोंड बॉडी की वजह से कट सीधे नस में लगा और खून नहीं रुक पाया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है।



# आईपीएस केके बिश्नोई और अंशिका वर्मा की सगाई

## संभल एसपी ने काला चश्मा लगाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल । संभल एसपी केके बिश्नोई और बरेली एसपी अंशिका वर्मा की गुरुवार को सगाई हो गई। कार्यक्रम संभल में रीति-रिवाजों के साथ हुआ। इसमें कई बड़े अफसर और दोनों परिवार के लोग शामिल हुए। दोनों IPS अफसरों की शादी के बाकी कार्यक्रम राजस्थान में होंगे। 27 मार्च को बाड़मेर जिले में हल्दी-संगीत सेरेमनी है। 29 मार्च को शादी और 30 मार्च को जोधपुर में रिसेप्शन है।

IPS अंशिका वर्मा (30) और IPS केके बिश्नोई (32) की पहली मुलाकात साल-2023 में गोरखपुर में पोस्टिंग के दौरान हुई थी। बिश्नोई गोरखपुर में एसपी सिटी थे। यहीं पर अंशिका अंडर ट्रेनिंग IPS ऑफिसर थीं। यहीं से दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई। अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। केके बिश्नोई यूपी कैडर के 2018 बैच के IPS अफसर हैं। वह राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमना गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में संभल में एसपी के पद पर तैनात हैं। जबकि, अंशिका वर्मा 2021 बैच की IPS अफसर हैं। बरेली में एसपी के पद पर तैनात हैं। अंशिका प्रयागराज के सिविल लाइन इलाके की रहने वाली हैं। इससे पहले, यूपी में पुलिसकर्मियों की होली में दोनों अफसर रंगों से सराबोर नजर आए थे। बरेली में IPS अंशिका वर्मा ने 5 मार्च, 2026 को काला चश्मा पहनकर 'लंदन ठुमकदा' गाने पर डांस किया था।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### पाक-चीन को ...

इसी दौरान 503 डिफेंस डील साइन हुईं, जिनकी कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपए है।

सरकार के मुताबिक यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद और मंजूरी का आंकड़ा है।

तीसरी स्क्वाड्रन- राजस्थान-गुजरात या पंजाब/राजस्थान सीमा पर तैनात है। भारत को यह खेप फरवरी 2023 में मिली। इस स्क्वाड्रन से पश्चिमी सीमा की सुरक्षा मजबूत होती है।

रूस 2026 तक बाकी 2 S-400की डिलीवरी कर सकता है। यूक्रेन जंग की वजह से इसकी डिलीवरी में देरी हुई है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को S-400 एयर डिफेंस सिस्टम की चौथी खेप साल 2025 के अंत तक मिल सकती है।

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है, जिसका अधिकांश हिस्सा अब स्वदेशी हो चुका है। यह मिसाइल तीनों सेनाओं के पास है और इसे हवा, समुद्र और जमीन से हमले के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ब्रह्मोस को भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और रूस के फेडरल स्टेट यूनिटरी इंटरप्राइज NPOM के बीच साझा समझौते के तहत विकसित किया गया है। ब्रह्मोस एक मध्यम श्रेणी की स्टील्थ रैमजेट सुपरसो-निक क्रूज मिसाइल है। इस मिसाइल को जहाज, पनडुब्बी, एयरक्राफ्ट या फिर धरती से लॉन्च किया जा सकता है।

### हवाई हमलों का...

भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है। अमेरिका-इजरा-इल और ईरान के बीच जारी जंग ने लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की अहमियत को और बढ़ा दिया है।

नई पीढ़ी के युद्ध को देखते हुए सेना बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल शामिल कर रही है। इसके तहत आर्टिलरी और इन्फैंट्री यूनिट्स में स्पेशल ड्रोन रेजिमेंट और प्लाटून बनाए जा रहे हैं।

### सेना 800...

अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है।

### ईरान ने मिसाइलों ...

हमलों में इजराइल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

अमेरिका-इजराइल हमलों के बीच ईरान में भारी तबाही हुई है। ईरानी रेड क्रिसेंट के मुताबिक, देशभर में 92 हजार से ज्यादा नागरिक इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल 92,662 यूनिट्स प्रभावित हुई हैं, जिनमें बड़ी संख्या में रिहायशी घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं।

हमलों में स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी प्रभावित हुए हैं, जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसके अलावा, राहत सेवाओं से जुड़े कई सेंटर, एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

यूक्रेन और सऊदी अरब के बीच शुक्रवार को रक्षा सहयोग को लेकर समझौता हुआ है। इससे दोनों देशों के बीच सैन्य और तकनीकी साझेदारी मजबूत होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यह समझौता भविष्य में रक्षा क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट्स का रास्ता खोलेगा।

### श्रीनगर-लेह हाईवे ...

बिहार में कुछ जगहों पर आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

29 मार्च- हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और दिल्ली में 50-60kmph की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड में बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

राजस्थान में 27 मार्च से 30 मार्च तक आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कुल 8 जिलों में मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश में किसानों को सलाह दी है कि अगर कटी हुई फसलें या पकी फसलें जो खेतों या खुले स्थानों पर है। उनको सुरक्षित जगह पहुंचाया जाए।

### रामलला का सूर्य ...

गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। सुबह 5.30 बजे रामलला को पीतांबर पहनाया गया। फिर आरती की गई। आज आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएंगे। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक यानी 18 घंटे दर्शन होंगे। पहले सुबह 6:30 से रात 9:30 तक दर्शन होते थे।

राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक, मंदिर परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर भीड़ ज्यादा है। करीब 10 लाख लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं।

वाराणसी में रामनवमी पर मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की महाआरती की। मुस्लिम महिला फाउंडेशन एवं विशाल भारत संस्थान की ओर से ₹श्रीराम महाआरती₹ का आयोजन किया गया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की सदर नाजनीन अंसारी ने बताया- पिछले 21 साल से हो रही इस राम आरती के आयोजन पर शुक्रवार को मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम के माथे पर तिलक लगाया और आरती उतारी।

उन्होंने कहा-यह कार्यक्रम सद्भावना और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर हर साल हजारों लोगों को आकर्षित करता है। पीएम मोदी ने टीवी पर रामलला का सूर्य तिलक देखा। इस दौरान मोदी हाथ जोड़कर खड़े नजर आए।

### योगी ने रामनवमी ...

फिर बच्ची को वापस लौटाते हुए कहा कि अब इसे ले जाओ। मन लगाकर पढ़ाई करना। बच्ची का नाम यशस्विनी है। वह परिवार के साथ कानपुर से गोरखनाथ मंदिर आई थी। सीएम ने इसके भी पांव पखारे। सुबह 9 बजे योगी ने जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा- गुंडागर्दी करने वालों को उठाकर बंद करो। किसी मुकदमे में जमानत पर छूटने के बाद आरोपी अगर वादी को धमका रहा हो तो जमानत रद्द कराने की कार्रवाई की जाए।

इधर, काशी में मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की महाआरती की। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की सदर नाजनीन अंसारी ने कहा- पिछले 21 साल राम आरती की जा रही है।

### 'नहीं लगेगा ...

उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू: लॉकडाउन की अफवाह कौन उड़ा रहा है। पीएम ने साफ तौर पर कहा था कि पैनिक नहीं होना है। आम लोगों को तकलीफ न हो इसके लिए टॉप लेवल से लेकर नीचे लेवल तक, यहां तक कि पीएम खुद मॉनीटर कर रहे हैं।

### पेट्रोलियम मंत्रालय ...

मंत्रालय ने कहा- सरकार ने पहले कॉमर्शियल सप्लाई घटाई, फिर धीरे-धीरे बढ़ाकर अब 70% तक कर दी। 14 मार्च से अब तक 30,000 टन LPG सप्लाई की गई। रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई है।

### महंगी शिक्षा का ...

फिलहाल यह मुद्दा जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। अभिभावक प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### भाजपा लोकतंत्र ...

अखिलेश यादव ने कहा कि INDIA गठबंधन पूरी तरह मजबूत और एकजुट है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रही हैं ।

## आईओसी ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों से बैन लगाया, बायोलॉजिकल फीमेल ही हिस्सा ले पाएंगी

# ट्रांसजेंडर वुमन अब महिलाओं के साथ ओलिंपिक नहीं खेल सकेंगी

**विवाद**

**ज्यूरिख, एजेंसी**

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) ने कहा है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलिंपिक से ट्रांसजेंडर महिलाएं को अब महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नई नीति के मुताबिक अब सिर्फ बायोलॉजिकल फीमेल्स यानी वे महिलाएं जो जन्म से ही महिला हैं, उन्हें ही वुमन कैटेगरी में खेलने की अनुमति होगी। इसके लिए एक बार जीन टेस्ट (SRY जीन स्क्रीनिंग) कराना जरूरी होगा, जिससे लिंग की पुष्टि की जाएगी। यह टेस्ट थूक,




गाल के स्वैब या ब्लड सैंपल से किया जा सकता है।

वहीं, जो एथलीट जन्म के समय महिला थे, लेकिन अब खुद को ट्रांसजेंडर पुरुष (Trans Men) मानते हैं, वे महिला स्पर्धाओं में खेलना जारी रख सकते हैं। अब तक IOC ट्रांसजेंडर महिलाओं को टेस्टोस्टेरोन लेवल कम होने की शर्त पर खेलने की अनुमति देता था या फैसला व्यक्तिगत खेल संघों पर छोड़ दिया जाता था।

### नया नियम केवल प्रोफेशनल खेलों पर लागू

IOC अब सभी खेलों के लिए एक एकसमान नीति चाहता है, ताकि खेल संगठन अलग-अलग नियम न बनाएं। कई खेल संगठनों ने पहले ही ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर पाबंदी लगा रखी है। यह बदलाव खेलों में निष्पक्षता यानी फेयर कॉम्पिटिशन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले साल फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पास किया था। इसमें लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में ट्रांसजेंडर महिलाओं को वीजा न देने की बात कही गई थी। यह नियम केवल प्रोफेशनल खेलों पर लागू होगा, जमीनी स्तर (ग्रासरूट) के खेलों पर इसका असर नहीं पड़ेगा।



2021 में न्यूजीलैंड की वेटलिफ्टर लॉरेल हबर्ड ओलिंपिक में भाग लेने वाली पहली ट्रांसजेंडर महिला बनी थीं।

### जेंडर टेस्ट सबसे पहले वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने अनिवार्य किया था

जेंडर टेस्ट को वर्ल्ड वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने अनिवार्य किया था। इसको लेकर SRY जीन टेस्ट लागू किया था। ये नियम 1 सितंबर 2025 से लागू हो गया। वहीं, पिछले साल सितंबर में हुई वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में टेस्ट पास करने वाली महिला खिलाड़ियों को ही भाग लेने दिया गया था।

### आईओसी प्रेसिडेंट बोलीं- जीत-हार में बहुत कम अंतर होता है

IOC की प्रेसिडेंट कर्स्टी कोवेंट्री ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि ओलिंपिक जैसे बड़े मंच पर जीत और हार के बीच बहुत मामूली अंतर होता है। उन्होंने कहा, 'ओलिंपिक खेलों में बेहद छोटा फासला भी जीत और हार तय कर सकता है। ऐसे में बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला कैटेगरी में मुकाबला करना सही नहीं होगा।'

**आईओसी ने अपनी इस नीति के पीछे वैज्ञानिक रिसर्च का भी हवाला दिया है। रिसर्च के अनुसार, जन्म से पुरुष होने के कारण एथलीट को स्ट्रेंथ (ताकत), एंड्योरेंस (सहनशक्ति) और पावर आधारित खेलों में शारीरिक रूप से बढ़त यानी एडवांटेज मिलता है। संस्था का मानना है कि हार्मोनल बदलावों के बावजूद यह शारीरिक अंतर पूरी तरह खत्म नहीं होता।**

## ओपनिंग सेरेमनी के बिना ही हो जाएगा आईपीएल का आगाज

### लीग के इतिहास में 5वीं बार होगा ऐसा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद कर दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 का पहला मैच शनिवार, 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले कोई जश्न नहीं होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 31 मई को भव्य क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बना रही है। आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी ने जीता था। ट्रॉफी के जश्न के दौरान 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई थी। ऐसे में बीसीसीआई ने दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान प्रकट किया है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब



आईपीएल के किसी सीजन का आगाज ओपनिंग सेरेमनी के बिना होगा। लीग के 18 साल के इतिहास में पहले भी 4 बार ऐसा हो चुका है। सुरक्षा, दुखद घटनाओं और कोरोना के कारण बोर्ड ने यह फैसला लिया था। इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी। लीग के अब तक 18 सीजन खेले जा चुके हैं। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने 5-5 बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स ने 3 ट्रॉफी जीती हैं। पिछले सीजन का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया था।

# आईपीएल के सेकेंड फेज का शेड्यूल रिलीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के सेकेंड फेज का शेड्यूल रिलीज हो गया है। IPL कमेटी ने शाम 6 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। 13 अप्रैल से 24 मई तक 12 वेन्यू पर 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें 8 डबल हेडर होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रायपुर को अपना दूसरा होमग्राउंड बनाया, टीम यहां 2 मैच खेलेगी। पहले फेज में 28 मार्च से 12 अप्रैल तक 20 मैच होने हैं। प्लेऑफ का शेड्यूल अनाउंस नहीं हुआ, लेकिन फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में ही खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में 74 मैच ही खेले जाएंगे। लीग स्टेज में 70 मैच होंगे, वहीं प्लेऑफ स्टेज में 4 मैच खेले जाएंगे। पहले खबरें थीं कि इस सीजन 84 मैच होने हैं, लेकिन IPL कमेटी ने मैचों की संख्या नहीं बढ़ाई। 10 टीमों में चेन्नई सुपर



किंग्स और गुजरात टाइटंस ही ऐसी 2 टीमें जिनका 1-1 मैच ही दोपहर में होगा। दोनों टीमें 13-13 मैच शाम को खेलेंगी। हैदराबाद और दिल्ली के सबसे ज्यादा 4-4 मैच दोपहर में 3.30 बजे शुरू होंगे। पंजाब और लखनऊ को 3-3 मैच दोपहर में खेलना है। वहीं राजस्थान, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के 2-2 मैच दोपहर में हैं। टोटल 12 दिन डबल हेडर खेले जाएंगे।

IPL में 10 टीमें हैं। सभी अपने होमग्राउंड पर 7 और अपोजिशन टीम के होमग्राउंड पर 7 मैच खेलेंगी। 10 टीमों के 10 होमग्राउंड के अलावा राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने 2-2 होमग्राउंड चुने हैं। राजस्थान अपने शुरुआती 3 होम मैच गुवाहाटी में खेलेगी, वहीं 4 मैच जयपुर में खेले जाएंगे।

### एमआई बनाम सीएसके मैच 23 अप्रैल को

सेकेंड फेज की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद के मैच से होगी, लेकिन टीम इस बार हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। वहीं पहले फेज में टीम बेंगलुरु के मैदान पर RCB से पहला मैच खेलेगी।

IPL इतिहास की 2 सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स 23 अप्रैल को पहली बार मुंबई में भिड़ेंगी। दोनों फिर 2 मई को चेन्नई में भी आमने-सामने होंगी। लीग स्टेज के आखिरी दिन 2 मैच होंगे। दोपहर में मुंबई का सामना राजस्थान से होगा, वहीं शाम को कोलकाता की टीम दिल्ली से भिड़ेगी।

## विशाल-ओमांग के गोल से मिली जीत, सेमीफाइनल में जगह पक्की, अब बांग्लादेश से भिड़ंत

# एसएएफएफ यू20 चैंपियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 फुटबॉल टीम ने SAFF U20 चैंपियनशिप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। गुरुवार को माले के नेशनल स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-बी के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया।

इस जीत के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं लगातार दूसरी हार के बाद पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

शुरुआती गोल खाने के बाद पाकिस्तान ने वापसी की कोशिश की और कई बार भारतीय डिफेंस को चुनौती दी। पाकिस्तान की टीम दो बार बराबरी करने के करीब पहुंची, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज



भारतीय अंडर-20 फुटबॉल टीम ने SAFF U20 चैंपियनशिप 2026 में गुरुवार को माले के नेशनल स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-बी के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया।

सिंह अहीबम ने शानदार सेव करके उन्हें रोक दिया।

भारत की इस जीत ने ग्रुप-B का समीकरण साफ कर दिया है। पाकिस्तान अब रेस से बाहर है। अब ग्रुप में टॉप पर कौन रहेगा, इसका फैसला शनिवार को भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच से होगा। भारत को ग्रुप टॉपर बनने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ एक पॉइंट (ड्रॉ) की जरूरत है। ग्रुप में पहले स्थान पर रहने वाली टीम का सामना सेमीफाइनल में ग्रुप-A की रनर-अप टीम से होगा।

**नजीबुल्लाह और खोबेब खान के खतरनाक हमलों को सूरज ने अपनी सतर्कता से नाकाम कर दिया। सूरज के इन बचावों ने मैच में भारत की पकड़ को कमजोर नहीं होने दिया।**

### ओमांग डोडम ने दागे दो गोल, पाकिस्तान की उम्मीदें खत्म

दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने अपनी रणनीति बदली और काउंटर-अटैक पर ध्यान दिया। 64वें मिनट में सैमसन ने डिफेंस से बॉल लेकर ऋषि सिंह की ओर बढ़ाई, जिन्होंने इसे ओमांग डोडम की तरफ पास किया।



ओमांग ने पाकिस्तानी गोलकीपर जुलकरनैन से पहले बॉल तक पहुंचकर उसे हेडर के जरिए गोल पोस्ट में डाल दिया। स्कोर 2-0 होने के बाद भारत ने खेल की रफ्तार पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। मैच के आखिरी मिनटों (88वें मिनट) में प्रशांत जाजो को पेनल्टी एरिया के अंदर गिरा दिया गया, जिस पर रेफरी विरेंध राय ने भारत को पेनल्टी दी। ओमांग डोडम ने पावरफुल स्ट्राइक के साथ इस पेनल्टी को गोल में बदला और अपना दूसरा गोल पूरा किया। इसी के साथ भारत ने 3-0 से मैच अपने नाम कर लिया।

## मनोरंजन

## मूवी का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1067 करोड़ हुआ, पठान को छोड़ा पीछे

# धुरंधर 2 बनी 8वीं सबसे ज्यादा कमाई वाली भारतीय फिल्म

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 (धुरंधरः द रिवेंज) 1,067 करोड़ रुपए के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ 8वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। इसने पठान (1,055 करोड़ रुपए) और कल्कि 2898 एडी (1,042 करोड़ रुपए) को पीछे छोड़ दिया।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के आठवें दिन (गुरुवार) फिल्म ने भारत में 49.70 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। धुरंधर 2 का भारत में कुल नेट कलेक्शन 674.17 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 805.32 करोड़



रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होता है। ओवरसीज में फिल्म ने 261.92 करोड़ रुपए कमाए, जिससे वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,067.24 करोड़ रुपए पहुंच गया। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च को रिलीज हुई, जबकि इसके पेड प्रीव्यू शो एक दिन पहले 18 मार्च को हुए थे।

### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए।

भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। वहीं, 894.49 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ही यह हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

पहले 18 मार्च को हुए थे। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च को रिलीज हुई, जबकि इसके पेड प्रीव्यू शो एक दिन पहले 18 मार्च को हुए थे।



### मलाइका ने सोराब बेदी संग डेटिंग रूमर्स पर तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने सोराब बेदी के साथ डेटिंग की अफवाहों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल पार्टनर की जरूरत नहीं है और वे अपनी पर्सनल ग्रोथ पर ध्यान दे रही हैं। दरअसल, हाल ही में कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में मलाइका ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर चल रही चर्चाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के साथ उन्हें देखा जाता है, उनके साथ नाम जोड़ना अब उन्हें इरिटेटिंग लगता है।

मलाइका ने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहों पर वह और उनके बेटे अरहान खान हंसते हैं।

अपने पिछले रिश्तों का जिक्र करते हुए मलाइका ने बताया कि वह 2017 तक अरबाज खान के साथ शादीशुदा थीं और इसके बाद 2024 तक अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में रहीं।

# धर्मेंद्र का अवॉर्ड खुद लेने जाऊंगी : हेमा मालिनी

### एक्टर को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला



नई दिल्ली। दिल्ली में शुरू हुए पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFD 2026) में बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि दी जा रही है। महोत्सव में उन्हें मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया है।

उनके साथ ही दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को भी इस खास सम्मान के लिए चुना गया है। धर्मेंद्र की पत्नी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी खुद यह अवॉर्ड लेने के लिए दिल्ली पहुंचेंगी। यह फिल्म फेस्टिवल 31 मार्च तक चलेगा।

ANI से बातचीत में हेमा मालिनी ने महोत्सव की आयोजक रेखा गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने कहा, ₹दिल्ली में इस तरह का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजित करना एक बेहतरीन पहल है। यह करीब 4-5 दिनों तक चलेगा।

इसमें कई कलाकारों को आमंत्रित किया गया है और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। चूंकि धर्म जी को भी श्रद्धांजलि दी जा रही है, इसलिए मैं खुद वहां मौजूद रहकर उनका सम्मान स्वीकार करूंगी।₹

IFFD 2026 की शुरुआत बुधवार शाम को दिल्ली के भारत मंडपम में हुई। उद्घाटन समारोह की मेजबानी अर्जुन कपूर और निमरत कौर ने की। इस इवेंट में विक्की कौशल, सान्या मल्होत्रा, सिद्धांत चतुर्वेदी, अनुपम खेर और लॉरेन गॉटलीब जैसे बड़े सितारे शामिल हो रहे हैं। 25 मार्च से 31 मार्च तक चलने वाले इस फेस्टिवल में फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ सिनेमा से जुड़ी वर्कशॉप और चर्चाएं भी होंगी।



## रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' को लेकर नया अपडेट, मेकर्स ने किया कन्फर्म

# हनुमान जयंती पर दिखेगी भगवान राम की अगली झलक

> फिल्म का फर्स्ट लुक भारत सहित दुनिया के कई स्थानों पर दिखाया गया था, जिसमें टाइम्स स्क्वायर पर भी इसकी झलक दिखाई गई।

नई दिल्ली। 2026 की बड़ी फिल्मों में शामिल 'रामायण' को लेकर नया अपडेट आया है। फिल्म में भगवान राम की अगली झलक 2 अप्रैल यानी हनुमान जयंती को दिखाई जाएगी। इसके साथ ग्लोबल लेवल पर फैंस के साथ सेलिब्रेशन होगा।

राम नवमी के दिन यानी 27 मार्च को फिल्म के को-प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ग्रैंड रिवील की जानकारी दी।

पोस्ट में उन्होंने लिखा, "शुभ राम नवमी। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं, वह पूरी जिम्मेदारी, श्रद्धा और समर्पण के साथ उठाया गया है, ताकि हमारी अपनी रामायण को उसकी सच्ची भावना और भव्यता के साथ पूरी ईमानदारी से जीवंत किया जा सके।" उन्होंने आगे लिखा, "हम 'राम' की अगली झलक को 2 अप्रैल, हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शेयर करने के लिए उत्सुक हैं, जहां हम अपने कई सालों की



'रामायण' के को-प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा दुनिया की सबसे बड़ी विजुअल इफेक्ट्स (VFX) कंपनियों में से एक DNEG के ग्लोबल सीईओ हैं।

मेहनत को एक ग्रैंड वर्ल्ड रिवील के जरिए फैंस के साथ शेयर करेंगे और इस खास पल को पूरी दुनिया में सेलिब्रेट करेंगे। आपके प्यार, विश्वास और धैर्य के लिए धन्यवाद।" फिल्म को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, DNEG और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स बना रहे हैं। फिल्म IMAX पर रिलीज होगी, जिसमें पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली 2027 में आएगा।

### फिल्म दो भागों में रिलीज होगी

यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी और ग्लोबल लेवल पर बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसका निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।

## रैप गाकर दिया पहला मैसेज ■ मधेश क्षेत्र से आने वाले पहले पीएम

# नेपाल में बालेन शाह बने सबसे युवा प्रधानमंत्री

**शपथ**

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार को बालेन्द्र (बालेन) शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। 35 साल के बालेन देश के सबसे कम उम्र के पीएम बने। उन्होंने सांसद पद की शपथ लेने के बाद अपना पहला संदेश रैप गाने के जरिए जारी किया, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार, सिस्टम में बदलाव और युवाओं का जिक्र किया।

बालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) ने 5 मार्च के चुनाव में जीत दर्ज की थी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि देश का भविष्य अब युवाओं के हाथ में है और नई सरकार से भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीद है। नई सरकार में मंत्रिमंडल का भी गठन शुरू हो गया है। सुधन गुरुंग को गृह मंत्री बनाया गया है, जिन पर देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी। वहीं शिशिर खनाल को विदेश मंत्री का पद दिया गया है, जो नेपाल की कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को संभालेंगे।





### मधेस क्षेत्र से आने वाले देश के पहले पीएम बालेन

बालेन पहले काठमांडू के मेयर थे। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हो गए थे। बालेन मधेस क्षेत्र से आने वाले पहले प्रधानमंत्री बने हैं। मधेश क्षेत्र नेपाल का वह इलाका है जो देश के दक्षिणी हिस्से में भारत की सीमा के साथ फैला हुआ है। इसे तराई क्षेत्र भी कहा जाता है। यहां रहने वाले लोगों को मधेशी कहा जाता है। नेपाल की राजनीति में यह इलाका लंबे समय से प्रतिनिधित्व और पहचान को लेकर चर्चा में रहा है, ऐसे में बालेन का प्रधानमंत्री बनना राजनीतिक संतुलन के नजरिये से भी अहम माना जा रहा है।

# आईडीएफ ने ईरान की नौसैनिक हथियार केंद्र पर की बमबारी

**हमला**

## मिसाइल उत्पादन ठिकानों को भारी नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

मिडिल ईस्त में जारी तनाव चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार की सुबह ईरान ने कुछ ही घंटों के भीतर इजरायल पर 7 मिसाइल दागे, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। वहीं, अब इजरायली सेना का दावा है कि उसने ईरान के सबसे महत्वपूर्ण नौसैनिक हथियार केंद्र पर हमला किया है।

इजरायली रक्षा बलों (IDF) के अनुसार, यह जगह ईरानी नौसेना की रणनीतिक क्षमताओं की रीढ़ था, जिसका उपयोग उन्नत मिसाइलों के विकास और भंडारण के लिए किया जाता था।

आईडीएफ का कहना है कि उसने यज्द स्थित जिन ठिकानों पर हमला किया है, वहां ईरान द्वारा क्रूज जहाजों, पनडुब्बियों और हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ समुद्री बारूदी सुरंगों का उत्पादन किया जाता था। इसे ईरानी नौसेना द्वारा अधिकांश मिसाइलों और नौसैनिक खदानों के लिए विकसित किया गया था। इजरायल द्वारा यह हमला ईरान के आईआरजीसी नौसेना के कमांडर और अन्य शीर्ष अधिकारियों की हत्या के एक दिन बाद हुआ है। मिडिल ईस्ट में जहां इजरायल और अमेरिका ईरान पर हमले जारी रखे हुए हैं, वहीं ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार की सुबह ईरान ने कुछ ही घंटों के भीतर इजरायल पर 7 मिसाइलें दागी। इस हमले में 9 लोग घायल हो गए।



**ईरान खाड़ी देशों पर भी मिसाइल और ड्रोन से हमले जारी रखे हुए है। अमीरात के मीडिया कार्यालय ने बताया कि अबू धाबी में एक मिसाइल के मलबे से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।**

**फास्ट न्यूज**

### सोने में आज 2,490, चांदी में 9 हजार गिरावट

नई दिल्ली । अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,490 रुपए घटकर 1.44 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले बुधवार को ये 1.46 लाख पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 9,114 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए पर आ गई है।

### बच्चों की फौज लेगी खामेनेई की मौत का बदला?

नई दिल्ली। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हाल ही में एक नई पहल के तहत सुरक्षा और युद्ध सहायता कार्यों के लिए न्यूनतम आयु सीमा घटाकर 12 वर्ष कर दी है। 12 और 13 साल के बच्चे अब स्वेच्छा से सड़कों पर गश्त करने, चेकपॉइंट्स संभालने और रसद जैसे कामों में मदद कर सकते हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी रहीम नदाली ने बताया कि गार्ड्स के पास एक प्रोग्राम है, जिसके तहत वॉलंटियर्स सड़कों पर गश्त करने, चेकपॉइंट्स चलाने और लॉजिस्टिक्स संभालने में मदद कर सकते हैं।

### घातक हुआ ईरान, यूएई-कतर

नई दिल्ली। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शुक्रवार तड़के सुबह ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर के लॉन्च की, जिसके तहत पूरे क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल के प्रमुख सैन्य ठिकानों को उन्नत मिसाइलों और ड्रोनों से निशाना बनाया गया। ईरानी समाचार एजेंसियों द्वारा जारी एक बयान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने बताया कि इन हमलों में लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलों के साथ-साथ विनाशकारी लोइटरिंग ड्रोन भी शामिल थे।

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहली बार 94.7 पर आया

## 14 साल में यह सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रुपया आज 27 मार्च (शुक्रवार) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और एनर्जी सप्लाई चैन में आई रुकावटों के कारण भारतीय रुपए में यह गिरावट दर्ज की गई।

पिछले एक महीने में ही रुपया करीब 4% टूट चुका है, जबकि इस फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में इसमें 10% से ज्यादा की गिरावट आई है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल जारी रहा, तो रुपया जल्द ही 98 के स्तर को छू सकता है।

करेंसी मार्केट के जानकारों के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने निवेशकों को डरा दिया है, जिससे वे इमर्जिंग मार्केट्स से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश (जैसे डॉलर और सोना) की तरफ रुख कर रहे हैं। भारत का वित्त वर्ष अप्रैल से मार्च तक चलता है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक, एक दशक से भी ज्यादा समय में यह पहली बार है, जब रुपया एक ही साल में इतना ज्यादा गिरा है। इससे पहले साल 2011-12 में यूरोजोन संकट के दौरान रुपए में करीब 14% की गिरावट आई थी। 31 मार्च 2025 से अब तक रुपया अपनी वैल्यू से 10% तक गिर चुका है। मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष को पिछले कई दशकों का सबसे गंभीर एनर्जी संकट माना जा रहा है। इसका सीधा असर भारत पर पड़ रहा है।



## पाकिस्तानी झंडे वाले जहाज हॉर्मुज के रास्ते भेजे, उन्हें हमारा भरोसा जीतना था

# ईरान ने हमें 10 तेल टैंकर गिफ्ट किए : डोनाल्ड ट्रम्प

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में दुश्मन देशों के जहाजों को रोकना ईरान का कानूनी अधिकार है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से बातचीत में अराघची ने कहा कि इस समुद्री रास्ते में बढ़ती असुरक्षा अमेरिका और जायनिस्ट शासन की कार्रवाई का नतीजा है।



**कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस समय वॉशिंगटन में हैं और उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की संभावना है। इससे पहले वे रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मिल चुके हैं।**

**बैठक में मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा हुई। खासतौर पर ईरान से जुड़े हमलों के बाद खाड़ी देशों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई।**





### ईरान की होर्मुज के बाद बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी

इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है। अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है।

# डीएचएस को फंड की मंजूरी


## आईसीई और बॉर्डर पेट्रोल के हाथ खाली, अमेरिकी सीनेट की रातभर चली बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की लंबे समय से चली आ रही आंशिक शटडाउन को खत्म करने की दिशा में सीनेट ने एक अहम कदम उठाया है। शुक्रवार की सुबह दुर्लभ रातभर चली बैठक में सीनेट ने सर्वसम्मति से विभाग के ज्यादातर हिस्सों को फंडिंग मंजूर कर दी, लेकिन इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) और कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CBP) के कुछ हिस्सों को इस फंडिंग से बाहर रखा गया।

जिसकी वजह से हजारों टीएसए एजेंटों और अन्य डीएचएस कर्मचारियों का वेतन अटका हुआ था। इससे देशभर के हवाई अड्डों पर लंबी कतारें लग रही थीं और कई उड़ानें प्रभावित हो रही थीं।

सीनेट माइनॉरिटी लीडर चक शूमर ने अपने दल की सराहना करते हुए कहा, ₹हम बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमारी पार्टी पूरी तरह एकजुट रही।₹ उन्होंने मिनियापोलिस में रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि ICE और बॉर्डर पेट्रोल को बिना किसी सुधार के ब्लैंक चेक नहीं दिया जा सकता। शूमर ने कहा, ₹यह समझौता TSA, कोस्ट गार्ड, FEMA और CISA को फंडिंग देता है तथा बंदरगाहों और एंट्री पॉइंट्स पर सुरक्षा मजबूत करता है। यह हफ्तों पहले हो सकता था अगर रिपब्लिकन रास्ते में न आए होते। हम सुधारों के लिए लड़ते रहेंगे। जॉन थून ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाया कि वे वास्तव में समस्या का समाधान नहीं चाहते थे, बल्कि सिर्फ राजनीतिक मुद्दा बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, ₹डेमोक्रेट्स ने सुधार मांगे, हमने उन पर काम करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अब वे राजनीति को नीति से ऊपर रख रहे हैं।



### जितना हो सके आज फंड करेंगे : सीनेट थून

सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थून ने बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि हम आज रात डीएचएस का जितना हिस्सा फंड कर सकते हैं, उसे पूरा करेंगे और बाकी बाद में करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रांसपोर्टेशन सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (TSA), यूएस कोस्ट गार्ड, FEMA और CISA जैसे महत्वपूर्ण हिस्सों को फंडिंग मिलेगी, लेकिन ICE और बॉर्डर पेट्रोल को नहीं। थून ने बताया कि रिपब्लिकन ने पिछले साल ही एक बड़े घरेलू नीति बिल में डीएचएस के लिए एडवांस फंडिंग का प्रावधान रख लिया था, ताकि ऐसी स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से गुरुवार शाम बात की। ट्रंप ने घोषणा की थी कि भले ही विभाग पूरी तरह फंडेड न हो, TSA एजेंटों को वेतन दिया जाएगा।

# तेहरान में पाकिस्तानी दूतावास के पास जोरदार धमाका

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार रात करीब 8 बजे पाकिस्तान दूतावास के पास जोरदार विस्फोट की खबरें आई हैं। अमेरिका-इजरायल के लगातार हवाई हमलों के बीच यह घटना हुई है, जब तेहरान 28वें दिन भी बमबारी का सामना कर रहा था। दूतावास के सभी कर्मचारी और राजदूत सुरक्षित हैं, हालांकि विस्फोट तीव्र था, लेकिन दूतावास परिसर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

विस्फोट तेहरान के पासदरान जिले में हुए, जहां पाकिस्तान दूतावास और राजदूत का आवास स्थित है। सूत्रों का कहना है कि आसपास स्थित ईरानी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाने की कोशिश में ये विस्फोट हुए। पास में ही ईरानी सेना का एक बड़ा ठिकाना होने की वजह से इलाका संवेदनशील माना जाता है। विस्फोट इतने तीव्र थे कि पूरे परिसर में कंपन महसूस हुआ, लेकिन इमारत को कोई सीधा नुकसान नहीं हुआ। सभी स्टाफ को तुरंत अलर्ट पर रखा गया और सुरक्षा बढ़ा दी गई।

## ड्रोन हमले में कुवैत का बंदरगाह क्षतिग्रस्त

शुक्रवार को एक ड्रोन हमले में कुवैत का मुख्य व्यापारिक बंदरगाह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब ईरान, अमेरिका और इज़राइल के हमलों के जवाबी कार्रवाई के तौर पर खाड़ी क्षेत्र में अपना अभियान जारी रखे हुए है। कुवैत के मुख्य बंदरगाह जैसे कमर्शियल हब को निशाना बनाया है। कुवैत पोर्ट अथॉरिटी ने एक बयान में कहा कि शुवैख बंदरगाह को सुबह-सुबह दुश्मन के ड्रोन से निशाना बनाया गया। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि इससे सामान को नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी इंसान की जान नहीं गई है।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र के साथ मिलकर अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कराने की कूटनीतिक कोशिशें कर रहा है। पाकिस्तान ने दोनों पक्षों से अपील की है कि राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



## कार्रवाई : घर लौटते ही सीधे सेना में किए गए भर्ती, एक फ्लाइट में 45 पुरुषों को डिपोर्ट किया गया

# अमेरिका ने दर्जनों यूक्रेनी नागरिकों को किया था डिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका से निकाले जाने के बाद यूक्रेन लौटते ही कई सैन्य उम्र के युवाओं को सीधे सैन्य भर्ती केंद्र भेज दिया जा रहा है। हाल ही में एक उड़ान में 45 यूक्रेनी पुरुषों को निर्वासित किया गया, जिनमें से कई को सीमा पार करते ही ड्रॉफ्ट अधिकारियों ने पकड़ लिया और ट्रेनिंग के लिए भेज दिया। यह मामला ट्रंप प्रशासन की सख्त प्रवासन नीति और यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच लोगों की कमी को उजागर कर रहा है।

17 नवंबर 2025 को ICE ने 45 यूक्रेनी पुरुषों और 5 महिलाओं को निर्वासित किया। उन्हें पोलैंड ले जाया गया और फिर यूक्रेनी सीमा पर सौंप दिया गया। यूक्रेन की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन 45 पुरुषों में से 24 वांटेड थे यानी वे ड्राफ्ट नियमों का उल्लंघन कर चुके थे या अपना डेटा अपडेट नहीं कराए थे। इन्हें सीधे पुलिस को सौंप दिया गया और फिर सैन्य भर्ती कार्यालय भेजा गया। चार साल से अधिक चले युद्ध ने यूक्रेन की सेना में भारी जन-बल की कमी पैदा कर दी है। 25 से 60 वर्ष तक के सभी पुरुषों पर भरती लागू है।



**कई निर्वासितों ने बताया कि एक व्यक्ति के दो-तीन बच्चे थे, फिर भी उसे भेज दिया गया। एक 36 वर्षीय व्यक्ति, जो बचपन से अमेरिका में रह रहा था और यूक्रेनी भाषा भी ठीक से नहीं बोलता, उसे भी निर्वासित कर दिया गया।**

### ट्रंप की सख्त नीति

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका ने अवैध और कुछ वैध प्रवासियों पर सख्त कार्रवाई शुरू की। यूक्रेन के लिए एकजुट (U4U) प्रोग्राम के तहत करीब 2.8 लाख यूक्रेनियनों को युद्ध से बचने के लिए अमेरिका आने की अनुमति मिली थी। अब कई मामलों में पैरोल रद्द किए जा रहे हैं।

DHS का कहना है कि वे अपराधी अवैध प्रवासी पर फोकस कर रहे हैं और पूर्ण कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। लेकिन कई निर्वासित केवल छोटे ट्रैफिक उल्लंघनों या लंबित शरण के आधार पर थे।

### वोलोदिमीर डुडनिक की कहानी

28 वर्षीय टैटू आर्टिस्ट वोलोदिमीर डुडनिक नवंबर 2025 में अमेरिका से निर्वासित 45 पुरुषों में शामिल थे। वे पिट्सबर्ग में अदालत जा रहे थे, जब ICE अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। डुडनिक ने बताया कि हवाई जहाज में बैठते ही मुझे पता था कि क्या होने वाला है। मैं घर जाकर माता-पिता से मिलना चाहता था, लेकिन सीमा पार करते ही मुझे ट्रेनिंग सेंटर भेज दिया गया। मैं अभी तक घर नहीं पहुंच पाया।

# केंद्र ने कॉमर्शियल एलपीजी कोटा 50% से बढ़ाकर 70% किया

## स्टील-ऑटो और टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को एक बार फिर LPG सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। सरकार ने शुक्रवार (27 मार्च) को कॉमर्शियल LPG सिलेंडर के एलोकेशन यानी कोटा को 50% से बढ़ाकर 70% कर दिया है। इस फैसले का सबसे ज्यादा फायदा उन उद्योगों को मिलेगा जो पूरी तरह LPG पर निर्भर हैं।

सरकार ने साफ किया है कि स्टील, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और केमिकल जैसे ज्यादा लेबर वाले सेक्टर को प्राथमिकता दी जाएगी। मिडल ईस्ट में चल रहे संघर्ष की वजह से भारत में LPG की सप्लाई चेन प्रभावित हुई थी।

इससे निपटने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए सप्लाई बढ़ाने के लिए यह आदेश जारी किया है। पहले यह कोटा केवल 50% था, जिसे अब बढ़ाकर प्री-क्राइसिस लेवल के 70% तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के आदेश के मुताबिक, उन उद्योगों को पहले LPG दी जाएगी जहां लेबर यानी मजदूरों की संख्या ज्यादा है और जो दूसरे जरूरी उद्योगों को सपोर्ट करते हैं। सरकार ने इस बढ़े हुए कोटे के साथ एक शर्त भी रखी है। अतिरिक्त 20% LPG का फायदा उठाने के लिए कॉमर्शियलऔर इंडस्ट्रियल ग्राहकों को तेल कंपनियों (OMCs) के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96